वर्ष 23, अंक 360, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 20 जनवरी 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

118वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया

## इस बार का गणतंत्र दिवस खास- पीएम मोदी



**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 118वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण महीने की आखिरी रविवार को होता है, लेकिन इस बार ये एक सप्ताह पहले तीसरे रविवार को प्रसारण हुआ। पीएम मोदी ने इसका कारण चौथे रविवार को गणतंत्र दिवस का होना बताया।

'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा, "इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस साल संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। संविधान सभा के दौरान अनेक विषयों पर लंबी-लंबी चर्चाएं हुईं। वो चर्चाएं संविधान सभा के सदस्यों के विचार और उनकी वो वाणी, हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। आज मन की बात में मेरा प्रयास है कि आपको कुछ महान नेताओं की वास्तविक आवाज सुनाऊं।"

पीएम मोदी ने बाबा साहब अंबेडकर का एक ऑडियो सुनाया। बोले "जब संविधान सभा ने अपना काम शुरू किया, तो बाबा साहब आंबेडकर ने परस्पर सहयोग को लेकर एक बहुत महत्वपूर्ण बात कही थी।"

बाबा साहब अंबेडकर ने कहा था, "जहां तक अंतिम लक्ष्य का सवाल है, मुझे लगता है कि हममें से किसी को भी किसी तरह की आशंका नहीं होनी चाहिए। हममें से किसी को भी कोई संदेह नहीं होना चाहिए, लेकिन मेरा डर जो मैं स्पष्ट रूप से व्यक्त करना चाहता हूं, वह यह है कि हमारी कठिनाई अंतिम भविष्य के बारे में नहीं है। हमारी कठिनाई यह है कि आज हमारे पास जो विविधतापूर्ण जनसमूह है, उसे कैसे एक साथ निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया जाए और उस मार्ग पर सहयोगात्मक तरीके से आगे बढ़ाया जाए जो हमें एकता की ओर ले जाएगा। हमारी कठिनाई अंतिम के संबंध में नहीं है; हमारी कठिनाई शुरूआत के संबंध में है।"

पीएम मोदी ने संविधान सभा के प्रमुख डॉ. राजेंद्र प्रसाद का ऑडियो सुनाया, जिसमें राजेंद्र प्रसाद कहते सुने जा सकते हैं कि ह्लहमारा इतिहास बताता है और हमारी संस्कृति सिखाती है कि हम शांति प्रिय हैं और रहे हैं।

## लालू से तो मिले राहुल गांधी, मगर तेजस्वी यादव को देते गए झटका

क्या अब महागठबंधन की रणनीति बदलेगी?



**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव समय पर होगा, यह पक्का है। सत्ता और विपक्ष- अब दोनों ने इसकी पुष्टि कर दी है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कह दिया है- 'अब कोई खेला नहीं होगा।' मतलब, तेजस्वी यादव चुनावी रण में उतरने की तैयारी में जुट गए हैं। वह यह भी कह चुके हैं कि लोकसभा चुनाव के पहले विपक्षी दलों का बना गठबंधन- इंडिया अब अस्तित्व में नहीं है। बिहार में महागठबंधन एक है। यह सारी बातें समझ में आ रही हैं, लेकिन चुनावी साल में पहली बार बिहार आए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कुछ ऐसा बोल गए हैं कि महागठबंधन के अंदर संशय की स्थिति हो गई है। तेजस्वी यादव जिसे चुनाव में भुनाने वाले थे, उस एक बड़े मुद्दे पर राहुल गांधी ने कांग्रेस की अलग राय रख दी।

राहुल जिसे फर्जी बता गए, उसे राजद चुनावी एजेंडे में रख रहा था महागठबंधन के सबसे मजबूत दल- राष्ट्रीय जनता दल ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठंधन के खिलाफ मोर्चा ले रखा था। लोकसभा चुनाव के दौरान तेजस्वी यादव बार-बार यह कह रहे थे कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गए तो बिहार में जातीय जनगणना हो सकी। वह बिहार के जातीय जनगणना को लगातार अपने एजेंडे में रख रहे हैं। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बनी हर कार्य-योजना में इसे जगह देने का मन बनाया। चुनावी साल में 'अमर उजाला' से बातचीत करते हुए तेजस्वी ने साफ कहा- "विकास का कार्य हम लोगों ने किया है। जातीय आधारित गणना कराया है। आरक्षण की सीमा हम लोगों ने बढ़ाई है। हम लोगों ने जो कहा, वह किया।" लेकिन, यह क्या! राहुल गांधी ने तो पटना में आकर ही कह दिया कि बिहार में फर्जी जातिगत जनगणना हुई थी।

विज्ञापन

जातिगत जनगणना के क्रेडिट वार में तेजस्वी पिछड़ जाएंगे?

बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के जनादेश से राज्य में गठित हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया था।

तत्कालीन विपक्ष, यानी महागठबंधन के दलों ने भी इसका समर्थन किया। आम लोगों ने विरोध शुरू किया और मामला कोर्ट में चला गया।

## दोषी संजय रॉय की मां ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया

**कोलकता**

**आरजी** कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में दोषी करार संजय रॉय की मां मालती ने सियालदह कोर्ट के फैसले पर कहा, 'उसे सजा मिलनी चाहिए। अगर कोर्ट उसे फांसी पर लटकाने के लिए भी कहे, तो मैं उसे स्वीकार करूंगी।'

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में सियालदह कोर्ट ने शनिवार को आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया। कोर्ट के फैसले पर आरोपी की मां मालती रॉय की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि मेरी तीन बेटियां हैं, मैं उनका (पीड़िता के माता-पिता का) दर्द समझती हूं।

रॉय की मां मालती ने सियालदह कोर्ट के फैसले पर कहा, 'उसे सजा मिलनी चाहिए। अगर कोर्ट उसे फांसी पर लटकाने के लिए भी कहे, तो मैं उसे स्वीकार करूंगी।'

रॉय की बहन सबिता ने कहा, 'मेरे भाई ने जो किया है, वह अकल्पनीय और भयानक है। यह कहते हुए मेरा दिल टूट जाता है, लेकिन अगर उसने ऐसा किया है, तो उसे अंतिम सजा मिलनी चाहिए। पीड़िता मेरी तरह एक महिला थी, और एक डॉक्टर थी।' उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि वह अकेले ऐसा नहीं कर सकता।

## सधे हुए अपराधियों ने किया केजरीवाल पर हमला, आरोपी भाजपा से संबंधित : आतिशी




**नई दिल्ली। दिल्ली** की मुख्यमंत्री आतिशी का कहना है कि अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर भाजपा के गुंडों द्वारा हमला करवाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल की जान लेने का प्रयास था। जिन व्यक्तियों ने अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया, वे सधे हुए अपराधी हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि हमलावर भाजपा के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों पर दिल्ली के अलग-अलग थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर इतने बड़े पत्थर से हमला किया गया कि अगर वह किसी को लग जाता तो जानलेवा हो सकता था।

मुख्यमंत्री आतिशी ने हमलावरों की पहचान बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े राहुल उर्फ शैंकी वहां मौजूद थे, जहां केजरीवाल पर हमला किया गया। आतिशी ने कहा कि शैंकी प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के साथ लगे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि शैंकी नामक इस व्यक्ति पर लूट के प्रयास जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति एक हार्डकोर अपराधी है।

इसके साथ ही राहुल पर आर्म्स एक्ट का भी केस दर्ज है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस व्यक्ति पर शकरपुर थाने में एफआईआर दर्ज है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस व्यक्ति पर डकैती धाराओं में केस दर्ज है।

## जाति जनगणना पर राहुल गांधी का बयान राजनीति से प्रेरित : अशोक

**पटना। बिहार** सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने शनिवार को जाति जनगणना को लेकर राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का जाति जनगणना पर दिया गया बयान राजनीति से प्रेरित और अगंभीर है। अशोक चौधरी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के किसी भी नेता ने इससे पहले कभी जाति जनगणना पर ऐसा बयान नहीं दिया था। आरक्षण और मंडल कमीशन पर उनकी राय सबको मालूम है। जब नीतीश कुमार ने बिहार में जाति जनगणना पर सरकारी मुहर लगाई थी, तो राहुल गांधी और कांग्रेस इसे फर्जी कह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 'इंडिया' ब्लॉक की मुंबई बैठक में नीतीश कुमार ने जाति जनगणना को एजेंडा में लाने की अपील की थी, लेकिन ममता बनर्जी ने इसका विरोध किया था, जिसके बाद नीतीश कुमार ने गठबंधन से अलग होने का निर्णय लिया था। राहुल गांधी बिहार की जनता की जरूरतों से पूरी तरह से अनजान हैं। प्रगति यात्रा पर विपक्षी दलों की आलोचनाओं का जवाब देते हुए अशोक चौधरी ने कहा कि ये सब लोग प्रगति यात्रा की सफलता से घबराए हुए हैं।

3 शव बरामद, कई अब भी लापता, बचाव कार्य जारी

## कटिहार में 17 लोगों से भरी नाव पलटी



**बिहारः बिहार** के कटिहार जिले में आज रविवार सुबह एक बड़ा नाव हादसा हो गया. कटिहार के अमदाबाद में गंगा नदी में नाव डूबने से कई लोग डूब गए. नाव में कुल 17 लोग सवार थे, जिसमें से तीन लोगों के शव बरामद हो चुके हैं. वहीं कई लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं.

चार लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई है. सभी लोग दक्षिणी करिमुल्लापुर के मेघू घाट से नाव में सवार हुए थे और गद्दाई दियारा जा रहे थे. नाव हादसे की सूचना पर एसडीआरएफ और पुलिस भी मौके पर पहुंची है लापता लोगों की तलाश की जा रही है. मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ भी जमा हो गई है.

जिन तीन लोगों के शव बरामद हुए हैं उनमें 60 वर्षीय पवन कुमार, 70 वर्षीय सुधीर मंडल और एक साल का मासूम शामिल है. बाकि लापता लोगों को खोजने के लिए एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है.

गंगा के तेज बहाव की वजह से रेस्क्यू में परेशानी

मनिहारी अनुमंडल पदाधिकारी कुमार सिद्धार्थ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार, अमदाबाद थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार और अंचल अधिकारी स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं. हालांकि, तेज धारा और गहराई के चलते लापता लोगों को खोजने में परेशानी हो रही है।

पुलिस को संदेह है कि वह बांग्लादेशी नागरिक है

## सैफ अली खान पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार





**महाराष्ट्र**

**डीसीपी** जोन 9 दीक्षित गेदम ने आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए कहा, 'एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है, उसकी उम्र 30 साल है। वह लूटपाट के इरादे से घर में घुसा था। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और हिरासत की मांग की जाएगी।'

अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस ने रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी बांग्लादेशी नागरिक है और अपनी पहचान बदलकर मुंबई में रह रहा था।

डीसीपी जोन 9 दीक्षित गेदम ने आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए कहा, '16 जनवरी को सुबह 2 बजे अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर पर हमला हुआ। एफआईआर दर्ज की गई है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है, उसकी उम्र 30 साल है। वह लूटपाट के इरादे से घर में घुसा था। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और हिरासत की मांग की जाएगी।'

वरिष्ठ अधिकारी ने आगे कहा, 'प्रथम दृष्टया आरोपी बांग्लादेशी है और अवैध रूप से भारत में घुसने के बाद उसने अपना नाम बदल लिया था। वह अपने वर्तमान नाम के रूप में विजय दास का उपयोग कर रहा था। वह 5-6 महीने पहले मुंबई आया था। वह कुछ दिनों तक मुंबई में रहा और फिर मुंबई के आसपास के इलाकों में रहा। आरोपी एक हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता था।' अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मामले में पासपोर्ट अधिनियम की संबंधित धाराएं भी जोड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी के बांग्लादेशी होने का अनुमान लगाने के लिए प्राथमिक सबूत हैं। उसके पास वैध भारतीय दस्तावेज नहीं हैं।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी



**राजस्थान**

**अधिकारी** ने बताया कि मुख्यमंत्री ने त्रिवेणी घाट पर डुबकी लगाने के बाद मां गंगे की पूजा अर्चना की औरदूध एवं गंगा जल से भगवान महादेव का अभिषेक भी किया। उन्होंने बताया कि शर्मा ने बड़े हनुमान जी मंदिर के दर्शन भी किए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार सुबह महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में स्नान करके पूजा अर्चना की। यहां संगम तट पर एक अधिकारी ने बताया कि शर्मा शनिवार देर रात मेला क्षेत्र में सेक्टर सात में स्थित राजस्थान मंडप पहुंचे। उन्होंने सुबह नाव से त्रिवेणी संगम का भ्रमण किया।

## महाकुंभ के लिए चलेंगी 49 स्पेशल ट्रेनें, रेलवे ने दी जानकारी



**प्रयागराज : 13 जनवरी** से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य आयोजन शुरू हो चुका है. अभी से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र गंगा स्नान कर चुके हैं. 45 दिनों तक चलने वाले इस प्रयागराज महाकुंभ में 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है. भारत के अलग-अलग राज्यों से महाकुंभ में श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए आ रहे हैं.

इसके लिए भारतीय रेलवे ने भी अपनी पूरी तैयारियां कर ली हैं. देश के अलग-अलग राज्यों में भारतीय रेलवे की ओर से महाकुंभ के लिए प्रयागराज आने को स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं. आज यानी 19 जनवरी के दिन भी भारतीय रेलवे 49 स्पेशल ट्रेनें चला रहा है. चलिए आपको बताते हैं. किस रूट से चलाई जा रही हैं यह स्पेशल ट्रेनें और क्या है इनकी टाइमिंग. देखें पूरी लिस्ट.

महाकुंभ 2025 में आने वाले तमाम श्रद्धालुओं को भारतीय रेलवे की ओर से भी उच्च सुविधाएं दी जा रही है. भारतीय रेलवे श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज महाकुंभ के लिए 3 हजार से भी ज्यादा स्पेशल ट्रेनें संचालित कर रहा है।

## महाकुंभ में क्या यूपी के अलावा दूसरे राज्यों के भी बन रहे नए राशन कार्ड

किन लोगों को मिल रहा इसका फायदा?



**प्रयागराजः भारत** में इन दिनों चारों ओर महाकुंभ से जुड़ी खबरें हीं नजर आ रही है. 13 जनवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शुरू हुए महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं नजर आ रहे हैं. 13 जनवरी से शुरू हुआ यह महाकुंभ 45 दिन तक यानी 26 फरवरी तक चलेगा. और इस दौरान इसमें 50 करोड़ के आसपास श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है. प्रयागराज में आयोजित हो रहे इस महाकुंभ मेले में इतने श्रद्धालुओं को देखने के बाद ऐसा लग रहा है. जैसे एक नया शहर ही बस गया है.

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से भी श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई है. सरकार की ओर से यहां आए श्रद्धालुओं को राशन कार्ड भी जारी किया जा रहा है. ताकि वह राशन जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकें. कई लोगों के मन में यह सवाल भी आ रहा है कि क्या सिर्फ उत्तर प्रदेश के लोगों का ही राशन कार्ड बन रहा है या फिर दूसरे राज्यों से आए लोगों को भी नया राशन कार्ड मिल रहा है. चलिए आपको बताते हैं. किन लोगों को मिल रहा है इसका फायदा.

यूपी सरकार बना रही राज्य के लोगों के लिए राशन कार्ड

प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं. इनके लिए उत्तर प्रदेश सरकार कई तरह की व्यवस्था कर रही है. श्रद्धालुओं को मुफ्त राशन की सहायता देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से राज्य के लोगों के लिए नए राशन कार्ड भी जारी किए जा रहे हैं. अब तक बात की जाए तो कुल 25 हजार नए राशन कार्ड जारी किए जा चुके हैं. इन पर 12 हजार से ज्यादा लोग अब तक राशन की सुविधा का लाभ उठा चुके हैं.

सभी राज्यों के लोगों को मिल रहा फायदा

ऐसा नहीं है कि महाकुंभ में सरकार की ओर से राशन की सुविधा सिर्फ उत्तर प्रदेश के लोगों को दी जा रही है. बता दें वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत किसी भी राज्य के राशन कार्ड धारक व्यक्ति को महाकुंभ मेले में फ्री राशन दिया जा रहा है. महाकुंभ के कुल 138 अस्थाई राशन की दुकानें लगीं हैं. जिनमें से कोई भी राशन कार्ड धारक जाकर यहां से राशन ले सकता है.

सभी राज्यों के लोगों का राशन कार्ड बन रहा है?

बता दें सरकार की ओर से सभी कल्पवासी और श्रद्धालुओं को राशन की सुविधा दी जा रही है.

जो लोग उत्तर प्रदेश से बाहर के हैं. उन लोगों को अस्थाई तौर पर यह सुविधा मुहैया करवाई जा रही है. इन लोगों लोगों को अस्थाई तौर पर राशन कार्ड दिए जा रहे हैं।

# ठंड से वृद्ध की मौत, घर में मचा कोहराम



मृतक की फाइल फोटो

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के दायमगंज में कड़ाके की ठंड की चपेट में आने से एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं वृद्ध की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। दायमगंज थाना उतराव निवासी मोहम्मद हलीम अंसारी उम्र 50 वर्ष जो टाल संचालक थे। दायमगंज में ही टाल चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। शनिवार सुबह वह अपने भैंस को चारा डालकर घर में जाने लगे तभी अचानक गिर पड़े और चित हो गए। परिवार वाले कुछ समझ पाते की उनके बेटे ने डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं असामयिक वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मोहम्मद हलीम अंसारी के पांच बेटे व एक बेटी है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। परिवार के मुखिया की मौत से पत्नी समेत परिजनों का रो-रो कर पूरा हाल है।

## ठंड से 26 वर्षीय युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



रोते बिलखते मृतक के परिजन व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के ढूंढूवा गांव में ठंड की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ढूंढूवा थाना उतराव निवासी रमेश चंद्र गौतम जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका बेटा आनंद गौतम जो गांव के ही एक गैस एजेंसी पर लेखा-जोखा के पद पर कार्यरत था। वह रोज की तरह एजेंसी से काम कर शाम को घर आया और अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। वही आनंन फानन में परिजन पास के निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। परिजनों ने जिला अस्पताल प्रयागराज ले कर गए जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। मौत का कारण ठंड लगने से बताया गया। वही युवक की 2 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। अभी बच्चे नहीं थे। मृतक युवक इकलौता था। तीन बहने हैं भाई बहनों में आनंद दूसरे नंबर पर था। युवक आनंद की मौत से माता निर्मला देवी पत्नी अनीशा गौतम समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख वसूले, मुकदमा दर्ज

**उतरांव।** स्वरूपरानी अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से पांच लाख की वसूली की गई। नौकरी ना मिलने पर युवक ने आरोपी से दिए गए रुपए वापिस मांगे। टाल मटोल करने पर युवक ने मामले की शिकायत हंडिया एसीपी से की। एसीपी के आदेश पर उतराव पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

भदोही जनपद के ऊंज थाना क्षेत्र के कुमेर्चा गांव निवासी चंद्रशेखर पुत्र नंदलाल से हंडिया थाना क्षेत्र के सरायकस्तुरिया गांव निवासी अतुल कुमार ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दिलवाने के नाम पर पांच लाख रुपए ले लिया। नौकरी न मिलने पर पीड़ित युवक अपने पैसे वापस करने की मांग करने लगा तो उक्त आरोपी युवक उतराव के समोधीपुर स्थित एक अस्पताल में आकर लिफाफे में नियुक्ति पत्र देकर चला गया। नियुक्ति पत्र लेकर चंद्रशेखर स्वरूपरानी अस्पताल गया तो वह फर्जी निकला। दोबारा पैसा वापिस मांगने पर आरोपी पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जिससे पीड़ित युवक भयभीत है। उसको अभी तक न तो उसका पैसा वापस मिला न ही नौकरी। मामले में एसीपी के आदेश पर उतराव पुलिस ने आरोपी युवक अतुल कुमार निवासी सरायकस्तूरिया थाना हंडिया के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष उतराव पंकज त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



## गरीबों, असहायों की सेवा ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म

**सहसों।** गांधी भवन सहसों पर रविवार को कस्तूरबा गांधी स्मृति सेवा ट्रस्ट सहसों के द्वारा कंबल वितरण का आयोजन कर गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद वृद्ध जनों में ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण कर सराहनीय कार्य किया गया। ठंडक से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों ने कंबल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रबंधक एवं समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि ठंड बढ़ने के कारण क्षेत्र के असहाय, गरीब एवं वृद्ध जनों व जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उनके जीवन को सुरक्षित करते हुए ठंड से बचाव का उपाय एवं सहायता किया गया। उन्होंने कहा ऐसे सहयोगात्मक कार्य करके हर किसी सामर्थ्यवान व्यक्ति को परोपकार में भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने कहा हर मनुष्य का सबसे बड़ा कर्तव्य एवं धर्म जरूरतमंदों की सेवा एवं सहायता ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर संदीप गुप्ता, डॉक्टर धर्मराज यादव, डॉक्टर संतोष वर्मा, राम प्रकाश पटेल, डॉ राम सिंह, डॉक्टर भीम सिंह, डॉक्टर उमेश, अजय कुमार गुप्ता, डॉक्टर उदय भान कुशवाहा सहित आदि लोग अपने विचार व्यक्त करते मौजूद रहे।

# आधा अधूरा कार्य कर राहगीरों को दुर्घटना की ओर धकेल रहा संबंधित विभाग एवं कार्यदाई संस्था

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** दिव्य भव्य महाकुंभ को देखते हुए सहसों चौराहा अति महत्वपूर्ण है जहां से पूरे मेला क्षेत्र के लगभग 21 फीसदी लोग गुजरेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए सहसों चौराहा के चारो तरफ सड़क बनाया गया तथा डिवाइजर सहित स्ट्रीट लाइट लगाकर चकाचक कर दिया गया। परंतु जल निकासी के लिए बनाई गई नालियों को कई जगह अधूरा छोड़ दिया गया तथा इसके अलावा बनी हुई नालियों में ढक्कन नहीं लगाया गया। जिसके चलते रात में चलने वाले राहगीर अचानक उसमें गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त आगामी दिनों में महाकुंभ में होने वाले विशाल स्नान पर्व के आयोजन को लेकर तीर्थयात्री भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं।

सहसो से फाफामऊ रोड पर ललचहा गांव के सामने तेजी से कार्य कराने के चक्कर में आधी अधूरी नाली बनाकर छोड़ दी गई। इसके अतिरिक्त बनी हुई नालियों पर भी ढक्कन नहीं लगाया गया जिससे आए दिन लोग पार होने के चक्कर में गिर कर चोटहिल हो जा रहे हैं। इसी प्रकार प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर चौराहे से राम जानकी मंदिर की तरफ बनाई गई नाली पूरी तरह से चोक हो गई है। जिसके चलते नालियों में भरा गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है। जिसके चलते तीर्थयात्रियो सहित अन्य राहगीर को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार राजमार्ग पर भोपतपुर के सामने जल भराव के चलते लगभग 50 मीटर तक सड़क का निर्माण भी नहीं हो सका है। इस संबंध में डाक्टर कृष्ण चंद्र पांडे,






डीएन पांडे, सोनू पांडे, मोनू पांडे, दिनेश केसरवानी, मनोज सिंह, राकेश भारतीय आदि लोगों ने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र अधूरी नाली का निर्माण कराये जाने तथा बनी हुई नालियों पर ढक्कन लगाए जाने की मांग की है। ताकि आगामी दिनों में होने वाले विशाल मेले में कोई दुर्घटना नहीं हो सके और यात्रियों एवं राजगीरों का यात्रा सुगम होकर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

# जेपीएल 2025 की संसारपुर टीम बनी विजेता

- क्रिकेट टूर्नामेंट श्रृंखला का फाइनल मैच बड़ोखर और संसारपुर के मध्य, लीग का हुआ समापन
- टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले आमिर युवा शायर अल्हवा रहे

**अखंड भारत संदेश**



विजेता टीम के खिलाड़ी को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

**कोरांव।** क्षेत्र के जमुआ ग्राम पंचायत तालाब ग्राउंड में गत दिनों से चल रहे जेपीएल क्रिकेट टूनामेंट जमुआ प्रीमियर लीग का फाइनल मैच बड़ोखर और संसारपुर के मध्य खेला गया जिसमें बड़ोखर टीम को 28 रन से हराकर संसारपुर टीम ने लीग 2025 का खिताब अपने नाम किया वहीं बड़ोखर टीम को उप विजेता बनकर ही संतोष करना पड़ा।

बता दें कि पिछले सप्ताह से चल रहे लीग का समापन फाइनल मैच होने के बाद किया गया जिसमें प्रत्येक मैच में विशिष्ट प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों और टीम को को विशेष उपहार देकर आगे इससे बेहतर टूनामेंट आयोजन कराकर खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए युवाओं के खेल कौशल को निखारने का एक मंच जेपीएल द्वारा बेलनपार में दिया गया। लीग की ट्राफी संसारपुर टीम के कप्तान को मुख्य अतिथि डॉ वाल्मीकि सिंह ने सौंपा। विशिष्ट अतिथि हरिश्चंद्र सिंह व मोतीलाल सिंह ने प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार सत्यम मिश्रा एवं बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड मोहम्मद आमिर अल्हवा, बेस्ट बॉलर विकास पटेल को दिया गया। अन्य गणमान्य अतिथियों में मौजूद प्रधान लवकुश, प्रधान शिवलाल, प्रधान अनस, अजय सिंह एवं प्रतिभाग करने वाली सभी टीम के खिलाड़ी एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में दर्शक दीर्घा में बैठकर अपने अपने चहेती टीमों का उत्साहवर्धन कर पूरी लीग टूनामेंट का लुत्फ लिया। लीग के प्रभारी उप कप्तान जमुआ अमर सिंह ने लीग को सफल होने के लिए सभी का विशेष आभार जताया और 2026 में पुनः इससे बड़ी भव्यता के साथ आयोजन कराने की बात कही। लीग टूर्नामेंट के दौरान प्रमुख भूमिका में प्रवीण सिंह, मनोज सिंह, मैक्सवेल सिंह, रविकांत, लवकुश, वीरेंद्र का सहयोग भी उत्कृष्ट रहा, टूनामेंट मेंट में माइक संचालन अर्जुन व सुरेन्द्र सिंह ने तथा कमेंट्री अनस अल्हवा ने किया।

# देश का चौथा स्तम्भ है मीडिया : रामकृष्ण

**मांडा।** मां मांडवी देवी धाम में एक सामाजिक समरसता कार्यक्रम समारोह के दौरान समाज सेवी पं. राम कृष्ण त्रिपाठी ने धाम में पहुंच कर मांडा की कुल देवी मां मांडवी देवी का विधि पूर्वक पूजा अर्चना की। रविवार को मांडा की कुल देवी मां मांडवी देवी धाम में सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊचडीह गांव निवासी पं. राम कृष्ण त्रिपाठी ने कार्यक्रम में पहुंच कर मां मांडवी देवी की पूजा अर्चना के बाद मांडा के स्थानीय पत्रकारों को डायरी, पेन व अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहां कि पत्रकार देश का चौथा स्तम्भ है। जो स्पष्टता एवं पारदर्शिता से प्रकाशित करते है जिससे समाज व देश का विकास होता है। वही संचालन हरि प्रसाद पाण्डेय ने किया पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम में राज मणि द्विवेदी, दीन दयाल द्विवेदी, अब्दुल हक अंसारी, संदीप मिश्रा, अजय प्रजापति, प्रदीप कुमार सोनकर, राहुल यादव, दिनकर पाण्डेय, राम लाल बिन्द, मुकेश उपाध्याय, कमलेश सिंह, मुनेश्वर मिश्र, अनुपम पाण्डेय, रामेश्वर त्रिपाठी, शशि भूषण द्विवेदी आदि पत्रकारों के अलावा श्यामा प्रसाद सिंह, राजीव कांत द्विवेदी, विश्वास चन्द्र पाण्डेय, विजय कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम मोदी की 118वां मन की बात




केंकं

**अखण्ड भारत सन्देश**

**मांडा।** नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष लीलावती गुप्ता के आवास खवासतारा स्थित कार्यालय में रविवार को भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 118वें मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने मन की बात में भारत के संविधान के 75वां दिवस के अवसर पर बाबा साहब अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संविधान सभा में दर्ज ओजस्वी विचारों से लोगों को अवगत कराया। साथ ही देश में महाकुम्भ प्रयागराज की चर्चा करते हुए देश में सफल हुए अंतरिक्ष अभियान पर देश के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं व्यक्त किये। इस मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण सिंह उर्फ. पप्पू सिंह, मंडल महामंत्री राम बली मौर्य, अमरेश चंद मिश्रा, पप्पू मिश्रा, संगम लाल विश्वकर्मा, राजेंद्र शुक्ला, तेज वली कुशवाहा, लखन नारायण, राजपति शर्मा, जगदीश सरोज, रमेश शुक्ला, प्रेमसागर बिंद, गौरव पांडेय, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रहा बीएसएनएल का नेटवर्क, हो रही परेशानी

**पसना।** जिओ और एयरटेल की महंगी रिचार्ज सेवा से टक्कर लेने के लिए सरकारी मोबाईल कंपनी बीएसएनएल ने 4जी सेवा का लालच देकर उपभोक्ताओं से अन्य कंपनियों के सिम कार्ड बीएसएनएल में पोर्ट तो करा लिया लेकिन अपनी लचर कार्यशैली से नेटवर्क की समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। गौरतलब है कि पिछले एक महीने से ज्यादा समय से जल जीवन मिशन की पाइप लाईन खुदाई के दौरान फाइबर केबिल क्षतिग्रस्त हो जाने से पूरा नेटवर्क ध्वस्त हो गया है, जिससे बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड व मोबाईल सेवा दोनों ठप पड़ी है। विभागीय एसडीओ से बार बार




शिकायत के बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ।

पसना निवासी उपभोक्ता अजय सुधाकर व आसिफ ने बताया कि हम लोगों का वाई फाई कनेक्शन दो महीने से शोपीस बना है, कई बार शिकायत के बावजूद ठीक नहीं हो पाया, मजबूरन कनेक्शन कटवा रहे हैं। सैकड़ों मोबाईल सिमधारक भी अन्य कंपनियों में पोर्ट कराना शुरू कर दिए हैं।

# भागवत कथा समापन अवसर पर सुदामा चरित्र सुनकर भाव विभोर हुए श्रोतागण

**पसना।** सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के गरिमा पूर्ण समापन समारोह में आज क्षेत्र के विशिष्ट लोगों का आगमन हुआ। सात दिनों तक इस ज्ञान गंगा में स्नान करके गद्गद हो गये क्षेत्र वासी। पं संतोष तिवारी धर्मगुरु के आवास पर चल रही कथा में आज मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने कृष्ण सुदामा मिलन की भाव पूर्ण व्याख्या करते हुए कहा कि कृष्ण ने सुदामा के चरण धोकर अपने बड़प्पन में चार चांद लगा दिया। कहां दरिद्रता की चक्की में पिसता हुआ निरीह सुदामा कहां त्रिलोकी नाथ जिनके द्वार पर बड़े बड़े चक्रवर्ती सम्राट और इंद्रादि देवता कतार खड़े रहते हैं किंतु भगवान का दर्शन सुलभ नहीं हो पाता




वही भगवान द्वारपालों से सुदामा नाम सुनते ही विक्षिप्त जैसे दौड़ पड़ते हैं। सुदामा को बाहों में भर लेते हैं और सिंघासन पर बैठाकर रानियों के साथ चरण पखारते हैं। सुदामा का स्वागत करते हुए भगवान अपना समस्त ऐश्वर्य भूल जाते हैं ऐसा लगता है जैसे किसी दरिद्र को कुबेर का वैभव मिल गया हो।दो मुट्ठी चावल के बहाने भगवान ने कुबेर जैसा वैभव लुटा दिया सुदामा को।जे गरीब पर हित करें ते रहीम बड लोग। कहां सुदामा बापुरो कृष्ण मिताई जोग। रामायण में भगवान राम ने शबरी के जूठे बेर खाकर और भागवत में श्री कृष्ण ने सुदामा के चरण पखार कर अपने मानो अपने ईश्वरत्व को लगा दिया। इसी के साथ भगवान के विभिन्न विवाहों तथा संतान का वर्णन करते हुए महराज श्री ने सुभद्रा हरण की मनोहारी कथा का वर्णन किया।अंत में दत्तात्रेय चरित्र नौ योगेश्वरों की कथा तथा परीक्षित मोक्ष सुनाते हुए कथा का समापन किया आचार्य श्री ने। यजमान संतोष तिवारी तथा समस्त तिवारी परिवार ने ग्रंथ पूजन किया। श्रोताओं ने भी व्यास पीठ का पूजन किया। संतोष तिवारी ने कथा व्यास और समस्त श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। महराज श्री के शिष्य और भागवत रामायण के शशक्त व्याख्या कार पं संदीप उपाध्याय का भी स्वागत किया यजमान ने। अयोध्या से आये हुए कर्मकांड के अधिकारी विद्वान शैलेश पांडेय ने संस्कृत संहिता पाठ के माध्यम से समस्त परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। यजमान के मार्गदर्शक योगेश्वर द्विवेदी महेंद्र मिश्र शुशील कुमार पाण्डेय शिव गोपाल तिवारी राम गोपाल तिवारी ने सभी श्रोताओं का स्वागत किया।

# न्यूज झरोखा

## चनेथू में आवारा पशु कुएं में गिरा, मचा हड़कंप



**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत चनेथू गांव में रविवार भोर में चनेथू डीह निवासी राजेश मिश्रा उर्फ इंस्पेक्टर के कुएं में आवारा सांड कहीं से आकर गिर गया। सुबह होने पर राजेश मिश्रा और उनके परिजनों ने देखा तो हड़कंप मच गया देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गई ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे आवारा सांड को बड़ी मशक्कत के बाद कुएं से बाहर निकाला। सूचना पर चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य, प्रधान मुन्ना पांडेय, उप निरीक्षक उमाकांत, कांस्टेबल मनोज यादव मौके पर पहुंचें। ग्रामीण क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ने से ग्रामीणों में बड़ी चिंता है आवारा पशुओं द्वारा फसलों को रौंदा एवं चर लिया जा रहा है और पालतू पशुओं को यह आवारा जानवर अपनी सींग से नुकसान पहुंचा रहे हैं लोगों को रात दिन रखवाली करना पड़ रही है।

## आरपी कान्वेंट स्कूल नेदुला मे विज्ञान प्रतियोगिता संपन्न



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरपी कान्वेंट स्कूल नेदुला में विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य राम जियावन ने बताया कि हमारे सभी स्टाफ एवं बच्चों की मेहनत और लगन से यह प्रतियोगिता और सरस्वती पूजन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद यादव प्रबंधक, डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद यादव व्यवस्थापक, टीएन यादव, चंद्रेश कुमार यादव संचालक, राजित यादव, उमाशंकर यादव, मंजू सिंह, राम सिंह यादव बड़े बाबू, वीरेंद्र यादव, जयप्रकाश यादव, जयप्रकाश बिंद, जिगर, अजय, नीलम, लवकुश, मुलायम यादव आदि अध्यापकों द्वारा विज्ञान प्रतियोगिता रविवार को सकुशल संपन्न हुई।

## स्वास्थ्य शिविर लगाकर निःशुल्क जांच एवं दी गई दवाएं



**सहसों।** हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों के तत्वधान में रविवार को सहसों बाईपास पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर हृदय, शुगर, स्वास एवं उच्च रक्तचाप का निःशुल्क जांच कर रोगियों को उचित सलाह देते हुए दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिविर में मौजूद डॉक्टर अमित यादव ने रोगियों को उचित सलाह देते हुए कहा कि ठंडक में हृदय, शुगर एवं स्वास के रोगी अपने स्वास्थ्य के प्रति बचाव करते हुए विशेष रूप से ध्यान दें। उन्होंने कहा ऐसे रोगियों को नियमित रूप से रक्तचाप, शुगर एवं स्वास का जांच समय-समय पर कराते रहना चाहिए तथा चिकित्सक के सलाह पर कारगर दवा का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए। डॉ अमित यादव ने ठंड के मौसम में बचाव का उपाय बताते हुए कहा कि रोगीयों को ठंडक में गुनगुना पानी पिएं, धूप होने पर ही टहले एवं व्यायाम करें, ताजा एवं गरम भोजन लें एवं ठंडी चीजों से परहेज करें। समय-समय पर अच्छे एवं विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क कर परामर्श लेते हुए उचित औषधि का सेवन कर अपने जीवन को सुरक्षित रखें। इस अवसर पर शिविर में प्रमुख रूप से रमाशंकर, मोहम्मद इरशाद, फूलचंद्र, आर्यन केसरवानी, प्यारेलाल, बाबा जी, अनीता मौर्या, बालाजी, हीरावती, पंकज सिंह एवं शिवम सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## असलहा लेकर दुकान में घुस कर मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाइक से कतिपय शरारती तत्वों ने दुकान में घुस कर असलहा लेकर दुकान में घुस कर मारे पीटे जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस दो नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासी मोहम्मद आसिफ पुत्र अयाज उद्दीन ग्राम गनेशगंज बाजार में सरिया, सीमेंट बालू आदि की दुकान किए हुए है। मोहम्मद आसिफ का आरोप है कि एक बाइक पर कतिपय असलहाधारी सवार होकर दुकान में घुस कर उसे मारे पीटे जान से मारने की धमकी दिए। मोहम्मद आसिफ ने मऊआइमा थाने में अनीस और उनके पुत्र फैजान निवासी ग्राम किरांव तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## विवाहिता ने पति,ससुर,देवर के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा।** विवाहिता ने पति ससुर देवर पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटभरप्रेमजपुर निवासनीय नसरीन बानों पत्नी रिजवान अली का आरोप है कि उसकी आठ वर्षीय लड़की सादिया बानों बीमारी के कारण रो रही थी।इसी कारणवश पति, ससुर,देवर ने उसे लाठी डंडा से मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल तोड दिए। नसरीन बानों ने मऊआइमा थाने में पति रिजवान अली,देवर दिलशाद अली, ससुर मकसूद अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मैदा विकास खंड जसरा प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा/केंद्रीय वित्त/ राज्य वित्त योजना अंतर्गत 2024 -25 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है पंजीकृत फर्में दिनांक 20.1.2025 से 2.2.2025 तक सायंकाल 4:00 बजे तक निविदा आवेदन कर सकती हैं, तथा निविदा दिनांक 3.2.2025 को दोपहर 12: बजे ग्राम पंचायत कार्यालय मैदा पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत मैदा में आर आर सी सेंटर निर्माण कार्य | 5. लाख | 6 माह |

**समान्य शर्ते -**

1. कार्य की संपूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है।
2. निविदा दाता कोटेशन दाता को समस्त कोटेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नंबर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा।
3. निविदा धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर. एन .एस .सी. जमा करना होगा।
4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 3.2.2025 तक पूर्वाह्न 12:00 तक प्राप्त कर सकते हैं।
5. किसी निविदा कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. सभी कार्यों के लिए अलग-अलग निविदा /कोटेशन स्वीकार की जाएगी
7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।

**नोटः** निविदा प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत कार्यालय मैदा से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय मैदा में समस्त निवेदन भी खोली जाएगी।

**शैल कोटार्य**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत मैदा**
**विकास खंड जसरा प्रयागराज**

**अतुल शंकर**
**ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम**
**पंचायत मैदा विकास खंड**
**जसरा प्रयागराज**

पत्रांक मेमो/पंचम राज्य वित्त/ 15 वां वित्त योजना/ निविदा/2024-25 दिनांक 19.1.2025

# महाकुंभ में लगी भीषण आग

# एक दर्जन से अधिक सिलेंडर ब्लास्ट

## आग लगने की घटना में 200 से अधिक टेंटों के चपेट में आने की रिपोर्ट

## गीता प्रेस के दर्जनों टेंट व कॉटेज भी जले , मची रही अफरा-तफरी





- सिलेंडर के उड़े परखच्चे, कहीं बिखरे चूल्हे तो कहीं टूटे दिखे बर्तन
- हादसे वाली जगह पर पहुंचे सीएम योगी, लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**



महाकुंभ मेले में लगी भीषण आग को बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी

**महाकुम्भनगर।** रविवार को मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में दोपहर भीषण आग लग गई। गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में सिलेंडर फटने के बाद लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई। धीरे धीरे आग दूसरे शिविर की ओर जा पहुचीं।देखते ही देखते सैकड़ो कुटिया जलकर खाक हो गयी। टेंट के भीतर रखा गृहस्थी का सभी सामान जलकर खाक हो गया।

रविवार की दोपहर महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में आग लगने के बाद शिविर के अंदर रखे सिलिंडर के बाद एक करके तेज धमाकों के साथ ब्लास्ट होने लगा। आसमान में धुएं का गुबार उड़ते देख पूरे मेला क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जिस वक्त टेंट में आग लगी ,उस दौरान पुल के ऊपर से ट्रेन भी गुजर रही थी। गनीमत रही कि लपटें ट्रेन तक नहीं पहुंच सकी। भीषण अग्नि कांड में एक महिला झुलस गयी,जबकि एक व्यक्ति गिरकर घायल हो गया है। दोनों को एनआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में हादसा जहां हुआ वह धर्म संघ का शिविर बताया जा रहा है। गीता प्रेस के कॉटेज भी आग की चपेट में आए। पचास से अधिक शिविर के चपेट में आने की बात कही जा रही है। आग लगने के बाद तीन से चार गैस सिलिंडर लगातार ब्लास्ट हुए। इससे आग अधिक भड़कने की बात कही जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग लगने के बाद यहां लगातार विस्फोट हुए। इससे मौजूद लोग सहम गए। हालांकि, फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बढ़ने से रोका है।

गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमका ने बताया कि घटनास्थल पर लगभग 180 कॉटेज बने हुए थे। सभी को वहां पर अग्नि का काम करने को मना भी किया गया था। पता नही कैसे अग्नि की कोई चीज हमारे तरफ आई और देखते ही देखते आग फैल गई। हमारा कुछ नहीं बचा सब खत्म हो गया।

### आग लगने के बाद सिलिंडर लेकर भागते लोग

एक दर्जन से अधिक सिलिंडरों के फटने से चारों ओर अफरा तफरी मच गई। एक के बाद एक करीब दर्जन भर सिलिंडर फटे, जिससे राहत और बचाव कार्य में दमकलकर्मियों को दिक्कत हुई। पचास से अधिक शिविर आग की चपेट में आए हैं। फायर ब्रिगेड की 50 से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई थीं।

### ट्रेनों का संचालन भी रोका गया

महाकुंभ में लगी भीषण आग में दर्जनो टेंट जलने की बात बताई गई। आग मुख्य रोड पर लोहे के ब्रिज के पास लगी थी। हवा की गति सामान्य से तीन गुना तेज होने के चलते अन्य टेंट भी आग की चपेट में आ सकते थे। दमकल की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां आग बुझाने में लगी रही। वहीं जिस जगह आग लगी है उसके पास रेलवे पुल होने से ट्रेनों का संचालन भी रोक दिया गया था।

### जिलाधिकारी ने कहा

जिलाधिकारी प्रयागराज रविंद्र कुमार मंदर ने कहा कि रविवार को 4:30 बजे कुंभ क्षेत्र सेक्टर 19 के गीता प्रेस में आग लगने की सूचना मिली थी। अग्निशमन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। स्थिति सामान्य है, किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

### विपक्ष के नेताओं ने खड़े किए सवाल

अगलगी की घटना के बाद समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर सवाल उठाए हैं। सपा नेताओं का कहना है कि कुंभ की तैयारियों पर सवाल पहले ही उठाए गए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं, जैसे पीने का पानी और सुरक्षित रहने की व्यवस्था। अखिलेश यादव ने भी इस घटना पर सरकार को घेरते हुए कहा कि महाकुंभ में लगी आग पर तुरंत गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।



घटनास्थल पर जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया जायजा

रविवार को महाकुंभ को लेकर सीएम योगी प्रयागराज में ही थे। जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वे घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से आग की घटना में हुई क्षति की जानकारी ली। पैदल वे घटनास्थल पर पहुंचे। अगलगी की घटना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

### पीएम मोदी ने की सीएम से बात

महाकुम्भ में आग लगने की घटना से पूरे मेला क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पीएम मोदी ने भी सीएम योगी से फोन पर बात की और मामले की जानकारी ली। हालांकि काफी देर मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## भीषण आग की लपटें देख हर तरफ लोग भागने लगे



**महाकुंभ नगर।** रविवार शाम महाकुंभ नगर में स्थित गीता प्रेस के शिविर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। शिविर में मौजूद श्रद्धालु और कर्मचारी ₹भागो-भागो, आग-आग₹ चिल्लाते हुए अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को कुछ समझने का मौका ही नहीं मिला। शिविर में मौजूद धनबाद निवासी मुकेश रजवार ने बताया कि आग की भयावहता ऐसी थी कि लोग अपना सामान छोड़कर सिर्फ अपनी जान बचाने की चिंता में लगे थे।

**तेजी से फैली आग और बढ़ा खतरा**

मुकेश रजवार ने बताया कि आग फैलने की गति इतनी तेज थी कि आसपास के शिविरों में भी दहशत फैल गई। कई शिविरों में लोग मौजूद थे, जबकि कुछ शिविर ताले में बंद थे। लोगों के बीच भगदड़ का माहौल बन गया। हर कोई अपनी जान बचाने और संभावित नुकसान को रोकने के प्रयास में जुट गया।

**सुरक्षा के लिए आसपास के शिविरों के टेंट भिगोए गए**

आग लगने के बाद आसपास के शिविरों में मौजूद लोग अपने-अपने सामान को समेटकर भागने लगे। किसी ने बैग उठाया तो किसी ने रुपये-पैसे और वाहन। वहीं, कुछ लोग अपने शिविरों के टेंट को पानी से भिगोकर आग के फैलाव को रोकने का प्रयास करने लगे। सैकड़ों लोग अपनी दुकानों और शिविरों का सामान छोड़कर वहां से निकल गए। आग बुझाने के बाद जले हुए नोट भी नजर आये।

# पोस्टमार्टम के बाद किशोर का शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

- परिजनों ने दाह संस्कार करने को तैयार नही कहा जब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की जायेगी तब तक नही करेगे
- एसीपी के आश्वाशन पर हुए तैयार

**अखंड भारत संदेश**



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**मेजा।** दिल्ली टू हावड़ा रेल के अमिलिया कला के डीएफसी रेलवे ट्रैक पर कट कर मरे किशोर की डेड बॉडी पीएम के बाद रविवार देर शाम घर पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। इस दरमियान परिजनों में काफी आक्रोश रहा। परिजन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर डेड बॉडी के क्रिया कर्म को तैयार हुए। इस दरमियान मेजा पुलिस डटी रही।

ट्रेन से कट कर मरे किशोर मामले में मेजा पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। परिजनों ने आरोपित करते हुए बताया कि घटना के एक रोज पहले गांव के विवेक पांडेय उर्फ नेता पुत्र विद्याकांत पांडेय, किशोर अभय विश्वकर्मा को अरुण केसरी के घर ले गए। उस वक्त रात्रि 9:30 बजे के आस-पास का समय था। बताया कि किशोर अभय को कमरे में बंद कर विवेक पांडे उर्फ नेता, सुनील केसरी पुत्र स्वर्गीय जवाहरलाल केसरी तथा अरुण केसरी पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल केसरी ने मिलकर मारा पीटा। उक्त घटना की जानकारी परिजनों को शनिवार की सुबह हुई, तो परिजन किशोर को लेकर थाने शिकायत को निकले थे। आरोपित किया कि इस दरमियान उपरोक्त लोगों ने रास्ता रोक कर धमकाते हुए वापस लौटने को कहा। शनिवार को भी उपरोक्त लोगों द्वारा धमकाया गया। आरोपित किया कि इसी बात से क्षुब्ध होकर किशोर ट्रेन से कट कर मर गया। घटना के बाद शनिवार देर रात्रि पुलिस ने विवेक पांडेय उर्फ नेता अरुण केसरी तथा सुनील केसरी को अभियुक्त बनाते हुए बीएनएस की धारा 108, 115 (2), 351(3), 127 (2) के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी रही। घटना के बाद पिता अजय विश्वकर्मा मां अनीता विश्वकर्मा, बहन शिवानी, संध्या एवं भाई अंशु सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। इस दरमियान इकट्ठा ग्रामीणों में घटना के पीछे असिनाई को लेकर चर्चा रही।

घटना के बाद पोस्टमार्टम भेजे गए किशोर की डेड बॉडी से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। सुसाइड नोट में अभय के अलावा तीन और दोस्त सोनू, पंकज और राजू नाम लिखा था, जो मृतक अभय के जिगरी दोस्त बताए गए। दिनांक 16 जनवरी घटना का जिक्र करते हुए लिखा था पंकज और अभय को बुरी तरह मारा गया था। सुसाइड लेटर में मारने वाले का नाम भी लिखा और इसी वजह से करने आए हैं। मॉम डैड आपसे माफी चाहते हैं। आपका अपना अभय, सोनू, पंकज और राजू। घटना के वक्त चारों दोस्त एक साथ जाते हुए दिखाई भी दिए थे। जिनमें से अभय ने आत्मघाती कदम उठा लिया। मृतक किशोर दो भाई तथा दो बहनों के बीच तीसरे नंबर पर कक्षा 9 का छात्र था और सत्यनारायण इंटर कॉलेज उरुवा में पढ़ता था।

> पुलिस मुकदमा दर्ज कर चुकी है किसी भी कीमत पर अभियुक्तों को बक्सा नहीं जाएगा। डेड बॉडी के पास से सुसाइड नोट बरामद हुई है। पुलिस पूरी तरह से कार्रवाई में जुटी है।
>
> **-रवि कुमार गुप्ता, एसीपी मेजा**

# जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने हेतु विश्व हिंदू रक्षा परिषद संगठन हुआ लामबंद

- संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के आह्वान पर रविवार को जनसंख्या नियंत्रण कानून संकल्प यात्रा का लखनऊ से हुआ आगाज, हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रहे शामिल

**अतुल तिवारी**




जनसंख्या नियंत्रण कानून संकल्प यात्रा में शामिल लोग

**मेजा।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर देशव्यापी लामबंदी शुरू की है। इसका आगाज रविवार को लखनऊ से किया गया, जिसमे पदयात्रा के जरिए देश और प्रदेश सरकार को संदेश देने की कोशिश की गई। विश्व हिंदू रक्षा परिषद संगठन के रास्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के निर्देश में की गई पदयात्रा में राष्ट्रीय मंत्री शशिकांत मिश्र नीरज की अगुआई में मेजा के सैकड़ों कार्यकर्ता इस यात्रा में शामिल रहे।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद की राष्ट्रीय इकाई हिन्दू हित और हक की लड़ाई तेज करते हुए पूरे देश मे हिन्दू जागरण अभियान के जरिए हिंदुओं को लामबंद कर सरकार पर जनसंख्या नियंत्रण कानून को लागू करने का दबाव बना रही है ।इसका आगाज लखनऊ से रविवार को किया गया है ।संगठन के रास्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के निर्देश पर देश के विभिन्न प्रान्तों के पदाधिकारी अपने सहयोगियों के साथ पद यात्रा के जरिए अपने संगठित होने का एहसास कराया है। हजारों की संख्या में पहुंचे हिंदुओं ने सरकार के साथ देश के विशेष वर्ग को भी मैसेज देने का प्रयास किया है कि हिन्दू जाग चुका है और अपने हक के लिए वह आवाज बुलंद करेगा।

प्रयागराज जनपद मेजा क्षेत्र के संगठन के राष्ट्रीय मन्त्री शशिकांत मिश्र (नीरज) के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्यकत्ताओं ने इस यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लिया` जनसंख्या नियंत्रण कानून संकल्प यात्रा में लखनऊ के विशाल खण्ड 2 से 1090 तक हजारों की संख्या में लोगों ने पद यात्रा कर अपने मजबूत इरादे को दिखाया है। राष्ट्रीय मंत्री शशिकांत मिश्र ने कहा कि संकल्प यात्रा का आगाज हो चुका है ।इसे राष्ट्रव्यापी बनाकर सरकार को कानून पर मुहर लगाने के लिए विवश कर देंगे।

श्री मिश्र के साथ यात्रा में आदित्य श्रीवास्तव, विवेक सिंह, सुधांशु, लोकेश पाण्डेय प्रधान, आशू, शालू पाण्डेय, दीपू विश्वकर्मा, आशुतोष, रोहित दुबे, ऋतिक, अंशुमान, प्रशू, संकल्प मिश्र, मनीष सिंह, प्रिंस सिंह, राजेश सिंह, रितेश सिंह, सुधीर दुबे सहित सैकड़ो कार्यकर्ता सहयोगी रहे ।उंन्होने संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिडिया के समक्ष यह बयान दिया कि राष्ट्रहित व हिंदुत्व की रक्षा हित के लिए मेरे शरीर का आखिरी कतरा भी समर्पित है।

## अवादा फाउंडेशन के डायरेक्टर जय शुक्ला कराएंगे हजारों आदिवासियों को महाकुंभ का दर्शन

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** अवादा फाउंडेशन ने एक अभूतपूर्व पहल करते हुए सोनभद्र, महाराष्ट्र और राजस्थान के लगभग 1000 लोगों को प्रयागराज के महाकुंभ मेले में शामिल होने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। यह यात्रा 25 जनवरी से शुरू होगी। यात्रा के दौरान रहने, खाने-पीने, मेला घूमने और दर्शन की सभी व्यवस्थाएं फाउंडेशन द्वारा की जाएंगी। प्रयागराज महाकुंभ जाने की यात्रा को लेकर सोनभद्र, महाराष्ट्र और राजस्थान के कई गांवों के ग्राम प्रधानो और नागरिकों में काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि कुंभ मेले में शामिल होने की उनकी इच्छा कई वर्षों से थी और इस बार का प्रयाग महाकुंभ तो और भी विशेष है। एक ग्राम प्रधान ने कहा तीर्थ यात्रा तो आत्मीय स्वजन ही करवाते हैं और अवादा फाउंडेशन तो हमारे स्वजन से भी बढ़कर है।

उल्लेखनीय है कि अवादा फाउंडेशन के डायरेक्टर जय शुक्ला ने कहा कि हमारे लिए यह एक विशेष अवसर है कि हम सोनभद्र, महाराष्ट्र और राजस्थान के आदिवासी समुदाय के लोगों को इस पवित्र यात्रा पर ले जा रहे हैं। हम चाहते हैं कि सभी को महाकुंभ के पावन संगम में डुबकी लगाने और मां गंगा का आशीर्वाद लेने का मौका मिले। गौरतलब है कि अवादा फाउंडेशन की इस अनोखी पहल से सोनभद्र, महाराष्ट्र और राजस्थान के आदिवासी समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह यात्रा न केवल उनके लिए एक अभूतपूर्व अनुभव होगी बल्कि उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों से मिलने का भी अवसर मिलेगा।

### क्या है अवादा फाउंडेशन

अवादा फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में कार्य करता है। फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों का जीवन स्तर सुधारना है। इस फाउंडेशन के डायरेक्टर मेजा तहसील क्षेत्र मांडारोड निवासी जय शुक्ला हैं।

# जिलाधिकारी ने शहर के विभिन्न मार्गों व कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नवागत जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा सर्वप्रथम माँ बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर एवं आस-पास के दुकानदारों से वार्ता की। दुकानदारों से वार्ता के दौरान पार्किंग की समस्या बतायी गयी, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर स्थल का चिन्हांकन कराकर पार्किंग की समस्या का यथासम्भव समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। माँ बेल्हादेवी के दर्शन-पूजन करने एवं दुकानदारों से विचार-विमर्श के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों का निरीक्षण किया गया तथा यातायात को सुगम एवं निर्बाध बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियां को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा को निर्देशित किया कि शहर के समस्त डिवाइडर एवं चौराहों पर कलर कोडिंग के अनुसार रंगाई-पुताई कराते हुए नगर पालिका सीमा क्षेत्रान्तर्गत लगी हुई स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाय तथा शहर के समस्त वार्डों के सड़क एवं नाली की नियमित रुप से साफ-सफाई करायी जाय। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज को आने-जाने वाले विभिन्न मार्गों का भी निरीक्षण किया गया तथा आगामी मौनी अमावस्या त्योहार के दृष्टिगत सभी सम्बन्धित अधिकारियां को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत मार्गों पर नियमित रुप से भ्रमणशील रहकर सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराते हुए यातायात को सुगम एवं निर्बाध बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर की ग्राम बराछा में स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया गया, वहाँ पर गोवंश के हरे चारे एवं पीने हेतु पानी की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। वर्तमान समय में पड़ रही ठण्ड के दृष्टिगत ठण्ड से बचाव हेतु नियमित रुप से अलाव जलवाये जाने एवं काऊकोट की समुचित व्यवस्था कराने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा को निर्देशित किया गया। इस गोशाला में नन्दीशाला को अलग से चिन्हित कर बनाया गया है जो सराहनीय है। निर्देशित किया गया कि पशु चिकित्सक नियमित रुप से गोशाला का भ्रमण कर गोवंश के स्वास्थ्य आदि के सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी




पुलिस गिरफ्त में गोतस्कर

# गोतस्करी के मुकदमें में वांछित दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान वंछित दो तस्करों को गिरफतार कर रविवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के दारोगा राजेश कुमार यादव व दारोगा विवके कुमार यादव रविवार की सुबह पुलिस फोर्स के साथ गस्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अगई पेट्रोल पम्प के पास घेराबंदी करके दो आरोपियों को धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि गिरफतार किये गये आरोपी रायबरेली जनपद के सलोन थाना अन्तर्गत मिया साहब का फाटक निवासी मो0 गुलजार पुत्र इसरार अहमद व सैफउल्ला पुत्र मुराद उल्ला पशु कुररता निवारण. तथा गोवध निवारण अधीनियम के दर्ज मुकदमें में वंछित थे। दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## न्यूज झरोखा

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्वालु



**लालगंज।** क्षेत्र के पूरेवंशी में चल रहे श्रीमद्भगवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुन श्रद्वालु मंत्र मुग्ध हो उठे दिखे। कथा व्यास आचार्य अतुल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जब जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तब धरती पर प्रभु का अवतार होता है। कथा आचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलायें जीवन में कल्याण की सीख देती है। भगवान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग की कथा सुनकर पण्डाल में श्रद्वालु राधे कृष्ण का जयघोष करते नृत्य करने लगे। नन्द घर आनन्द भयों जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों से वातावरण और भक्तमय हो उठा दिखा। श्रद्वालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की भव्य झांकी निकाली। वही महिलाओं ने मंगल गीत गाये। मुख्य यजमान कुंती देवी पत्नी स्व0 त्रिभुवन नाथ दुबे व संयोजक ज्योति प्रसाद दुबे ने पुष्प अक्षत व रोली चंदन से व्यास पीठ का पूजन किया। कुलदीप दुबे रामेन्द्र दुबे व सुधीर मिश्र ने श्रद्वालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर महेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र दुबे, आशीष दुबे, विकास तिवारी , राकेश कुमार शुक्ल, शीतला प्रसाद दुबे, दिलीप दुबे, राजकुमार दुबे , रामेन्द्र प्रसाद तिवारी, बृजेष दुबे, लोकेश दुबे, आनन्द दुबे, शुभ तिवारी आदि मौजूद रहे।

### पांच के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का केस

**प्रतापगढ़।** मारपीट तोड़फोड़ व धमकी को लेकर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात गांव के किताबुन निशा पत्नी अनवरूल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि अठाराह जनवरी को सुबह करीब दस बजे उसके द्वारा मकान की छत पर लिन्टर डालने का कार्य कराने के दौरान रंजिशन गांव के अतहर , मजहर पुत्रगण जाहिद तथा जाहिद की पत्नी जमीला ,पुत्री गुड़िया , तरन्नुम एक राय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गाली देने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपीगण ईट, पत्थर चलाते हुए जांनलेवा धमकी देने लगे। आरोपियों ने घर में घुसकर पीड़िता व उसके बेटे को मारापीटा तथा घरेलू सामानों एवं शटरिंग के सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद अतहर समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महिला व उसके बेटे को दी धमकी

**आसपुर देवसरा।** इलाके के रमगढ़ा निवासी सुनीता तिवारी एवं उनके बेटे सनी को गांव के ही सगे भाइयों ने मुकदमे में सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दी। सनी तिवारी ने आसपुर देवसरा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि पूर्व में दर्ज मुकदमे को लेकर गांव के ही शिवम तिवारी व सत्यम तिवारी उनसे रंजिश रखते हैं । उनकी मां सुनीता तिवारी को आरोपियों ने मुकदमे में सुलह न करने पर रास्ते में रोक कर उन्हें तथा बेटे को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### अलग-अलग स्थान से छह वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण दुष्कर्म एवं आपराधिक षड्यंत्र मामले में वांछित चल रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि आसपुर देवसरा पुलिस ने मारपीट मामले में फरार चल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे अभिषेक पटेल निवासी धरौली को कस्बे के मेला मैदान से उप निरीक्षक संतोष सोनकर ने पकड़ा। सपहा छात निवासी संगम लाल यादव को दरोगा अतर सिंह यादव ने आपराधिक षड्यंत्र मामले में वांछित होने के कारण उनके घर से दबोचा है। जबकि आसपुर देवसरा पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित ननकू राम, पंधारी व बेचन राम निवासी नरवारी थाना आसपुर देवसरा एवं राम प्यारे निवासी गधियांवा को दरोगा योगेंद्र सिंह ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### शौच गए युवक की तालाब में डूबकर हुई मौत

**प्रतापगढ़।** नवाबगंज के चंदेलन का पुरवा परियावा गांव का रहने वाला 27 वर्षीय कुंभकरण पुत्र मोहनलाल शनिवार की देर शाम घर के पास ही तालाब पर शौच के लिए गया था। तालाब के पास पहुंचने पर अचानक कुंभकरण का पैर फिसल गया। जिससे वह डूबने लगा। वहां मौजूद रहे दो किशोरों की नजर पड़ी तो वह मौके पर पहुंचे। कुंभकरण के डूबने की जानकारी किशोरों ने घर में दी। सूचना के बाद परिजन भागकर तालाब पर पहुंचे। उसे किसी तरह बाहर निकाला। परिजन उसे एक स्थानीय प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने कुंभकरण को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक कुंभकरण पांच भाई व दो बहनों में चैथे नंबर पर था। कुंभकरण की अभी शादी नहीं हुई थी। घटना से गांव में मातम छाया हुआ है।

### वृद्धा की पिटाई को लेकर आरोपी पर मुकदमा

**प्रतापगढ़।** वृद्धा को रंजिशन लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल करने को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। मोठिन निवासी ओमप्रकाश पुत्र हरीलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि चैदह जनवरी को पांच बजे शाम गांव के भवानी प्रसाद, विश्वनाथ, नन्चू पुत्रगण पन्नालाल सोनकर तथा आशा पत्नी पन्नालाल ने उसकी मां सुखरानी (70) को गाली देने लगा। मना करने पर आरोपी ने उसकी मां को लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात भवानी प्रसाद समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### गोतस्कर धराया, भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस को गोतस्करी के मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। थाने के दरोगा अजय कुमार सिंह शुक्रवार को सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सगरा सुंदरपुर तिराहे के पास घेराबंदी करके गोतस्करी के मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी मनोज उर्फ रामानुज उर्फ अनुज पुत्र रामलौट निवासी शेखपुर, गोसांईगंज जनपद सुल्तानपुर को धर दबोचा। एसओ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

# शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि



महाराणा प्रताप की पुण्यतिथी मनाते लोग

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने ईशीपुर ढेकाही में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि को शौर्य दिवस के रूप में मनाया। संगठन के महामंत्री व करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जबर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का बलिदान देश में हमेशा याद किया जाएगा। संरक्षक अरुण सिंह प्रधान ने कहा कि महाराणा प्रताप के प्रति सर्व समाज आस्थावान है। देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए उन्होंने अंतिम क्षण तक लड़ाई लड़ी थी। यह हम भारतवासियों के लिए एक प्रेरणा है। संगठन के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान धीरेंद्र प्रताप सिंह, सतेंद्र बहादुर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रेम बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के भोगापुर निवासी नन्हे वर्मा पुत्र नोहर वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि सत्रह जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे वह पैमाइस को लेकर पड़ोसी राजाराम वर्मा पुत्र रामानन्द वर्मा के साथ राजस्व टीम के आने का इंतजार कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच चार आरोपी वह पहुंचे और गाली देते हुए उसे और पड़ोसी राजाराम को जमकर मारापीटा शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपीगण जांनलेवाव धमकी देते चले गये। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि दो नामजद दो अज्ञात समेत चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर मिली है जांच के बाद उचित कार्यवाई की जायेगी।

# रेलवे स्टोर में शॉर्ट सर्किट से नहीं लगी आग-फायर विभाग

- अग्निशमन विभाग के दावे ने रेलवे के जांच अधिकारियों की थ्योरी को झुठलाया
- आरपीएफ, बिजली और सिग्नल विभाग की ज्वाइंट रिपोर्ट पर उठी उंगली



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन के सिग्नल स्टोर में लगी लगी आग बिजली की शॉर्ट सर्किट से नहीं लगी है। इसकी वजह कुछ और ही हैं। इसकी जांच रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा कराई जानी चाहिए। तभी आग लगी है या लगाई गई है। यह सारी सच्चाई खुद बा खुद बाहर आ जाएगी। यह दावा मौके पर आग बुझाने गए दमकल विभाग के कर्मचारियों का हैं। उनके दावे ने इस मामले की जांच कर चुके अधिकारियों की थ्योरी को फिलहाल झुठला दिया है। जिसमें आग की वजह बिजली की शॉर्ट सर्किट बताई गई है। दमकल विभाग के इस खुलासे से ज्वाइंट रिपोर्ट बनाने वाले आरपीएफ, सिग्नल और बिजली विभाग के अधिकारियों पर उंगली उठी है। लेनदेन की चर्चा पहले से ही हो रही है। उस पर फायर ब्रिगेड वालों के दावा ने इनकी पोल खोल दी है। इसको लेकर रेलवे स्टेशन पर चचाओं का बाजार गर्म है।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सिग्नल विभाग के कथित स्टोर में आग लगने से केबल और जरूरी सामान जल गया था। आग की सूचना पर दमकल विभाग के कर्मियों ने मौके पर आग बुझाई। चर्चा है कि आग लगने से पहले लाखों कीमत की कॉपर की केबल गायब कर दी गई। उसके बाद अग्निकांड हुआ। केबल के छिलने के टुकड़े मौके से आरपीएफ को मिले। बिजली विभाग ने भी स्टोर में कनेक्शन होने की बात को सिरे से खारिज किया है। टेलीकॉम वालों का कहना है कि उनके पूल के एल टू आवास को स्टोर को तब्दील कर दिया गया। उन्हें सूचना तक नहीं दी गई।

### छिलके को हटा दिया गया

पता चला है कि स्टोर के बगल वाले दूसरे कमरे में केबल की जो छिलन थी। उसको पानी ढोने वाली गाड़ी से हटा दिया गया। इसकी जोर शोर से चर्चा हो रही है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

रेलवे सिग्नल स्टोर में आग बिजली की शॉर्ट सर्किट से नहीं लगी थी। किसी और वजह से लगी है। स्टोर में वायरिंग नहीं थी। बोर्ड नहीं था। बिजली से आग लगने का सवाल ही नहीं।

-अतुल कुमार, अग्निशमन अधिकारी

# मृतकों के परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे विधायक राम सिंह पटेल

अखंड भारत संदेश

**आसपुर देवसरा।** जौनपुर इलाके में बाइक के रोडवेज से टकराने के बाद तीन युवकों की मौत हो गई थी। तीनों युवक आसपुर देवसरा क्षेत्र के करौंदहा गांव के रहने वाले थे। एक साथ हुए तीन युवकों की मौत पर परिवार को ढांढस बंधाने के लिए विधायक रामसिंह पटेल मृतकों के घर पहुंचे।

आसपुर देवसरा क्षेत्र के करौंदहा गांव निवासी अनुराग उपाध्याय, ऋषभ उपाध्याय व नन्हे सरोज की बीते 16 जनवरी को बक्सा जौनपुर इलाके में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। जहां एक तरफ गांव में एक साथ तीन मौत से ग्रामीणों में शोक की लहर थी वहीं दूसरी तरफ मृतकों के परिवार को ढांढस बंधाने के लिए रविवार को सपा विधायक रामसिंह पटेल अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनके स्तर पर हर संभव मदद मृतकों के परिवारों को की जाएगी। इस समय करौदहा गांव के प्रधानपति शेषमणि यादव, जितेन्द्र सरोज, परहत ग्राम सभा के कोटेदार राम सुमेर मौर्य, उमापुर ग्राम सभा के कोटेदार राजकुमार सरोज, सुनील सरोज, राहुल, विकास उपाध्याय, चंद्रावती, बंशीधर राम कृपाल निषाद, संजय,जय प्रकाश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते विधायक

# जन आरोग्य मेले में 109 मरीजों के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण

**प्रतापगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आये मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। जनाआरोग्य मेले के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़पुर में बाईस, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नोती में इक्यावन तथा पीएचसी रानीगंज कैथौला में छत्तीस मरीजों के स्वास्थ्य का चिकित्सों ने परीक्षण भी किया। मरीजों को संक्रमक रोगों से बचाव को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिये गये। सीएचसी लालगंज अधीक्षक डॉ0 अरविन्द गुप्ता ने बताया कि जन आरोग्य मेले में आये लोगों के ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, त्वाच रोग, लीवर, डायबिटीज आदि की जांच की गयी। परीक्षण के बाद मरीजों को आवश्यक दवाईयॉ भी निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी। अधीक्षक ने कहा कि जन आरोग्य मेले में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश भी दिये गये है।

# जौनपुर को हरा तुलसी क्रिकेट अकादमी ने जीता मैच



**प्रतापगढ़।** शहर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे सद्भावना कप अंडर 14 क्रिकेट टूनार्मेंट का पहला मैच रविवार को तुलसी क्रिकेट अकादमी कुंडा एवं जौनपुर क्रिकेट फाउंडेशन के बीच खेल गया। जिसमें जौनपुर में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तुलसी क्रिकेट अकादमी कुंडा ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 176 रन बनाए। जिसमें प्रियांशु ने 73 बनाए और अभी ने 60 रन बनाए। जौनपुर क्रिकेट फाउंडेशन की तरफ से सूर्यांश यादव और अभिमान ने दो-दो विकेट लिए। जवाब देने उतनी जौनपुर क्रिकेट फाउंडेशन की टीम 20 ओवर में 139 रन ही बना सकी और पूरी टीम ऑल आउट हो गई। जौनपुर क्रिकेट फाउंडेशन की तरफ से युवराज ने 32 और शौर्य साहू ने 31 रन बनाए। तुलसी क्रिकेट अकादमी की तरफ से प्रशांत पांडे व प्रियांशु ने एक-एक विकेट लिया। अन्य बचे सभी खिलाड़ी रन आउट हो गए। इस प्रकार तुलसी क्रिकेट अकादमी ने मैच जीत कर अपने नाम कर लिया।

# एएसपी ने विवेचकों संग की बैठक

**पट्टी।** एएसपी पूर्वी रविवार को कोतवाली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाने के अंदर साफ सफाई, नवनिर्माण आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नए भवन के निर्माण की जगह देखी और निर्मित भवन की गुणवत्ता भी परखी। इसके बाद कोतवाली परिसर में आसपुर देवसरा व पट्टी थाने के विवेचकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान लंबित विवेचनाएं, उनके क्षेत्र में कितने हिस्ट्रीशीटर हैं उनकी स्थिति आदि के विषय में जानकारी हासिल की। लंबित विवेचनाओं को लेकर विवेचकों को फटकार भी लगाई। इस दौरान कोतवाल आलोक सिंह, आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष सिंह, उप निरीक्षक श्याम सुंदर गिरी योगेंद्र सिंह ,विजय कुमार ,सुनील राय अजीत सिंह, श्रीधर राय, वीरेंद्र सिंह समेत तमाम विवेचक मौजूद रहे।

# मनाया गया शहीद दिवस, शहीद व्यापारियों को दी गई श्रद्धांजलि

**पट्टी।** व्यापार मंडल ने शहीद दिवस मनाते हुए शहीद हुए व्यापारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय व्यापार मंडल पट्टी के अध्यक्ष के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया।

पट्टी तहसील में व्यापारियों द्वारा 19 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाता है। कस्बे में हो रही लगातार चोरियों के विरोध में 19 जनवरी 1988 को चैक पर आंदोलन कर रहे व्यापारियों पर पुलिस फायरिंग में दो व्यापारी अशोक खंडेलवाल तथा शिव सिंह की मौत हो गई थी।इस घटना के पश्चात प्रतिवर्ष 19 जनवरी को व्यापार मंडल शहीद व्यापारियों की याद में शहीद दिवस मनाता है।रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कस्बे के व्यापारी अशोक खंडेलवाल व शिव सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। व्यापारियों द्वारा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पट्टी के अध्यक्ष कमलापति जायसवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। व्यापारी नेता को नम आंखों से भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य, महामंत्री घनश्याम घायल, संरक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला, सुभाष खंडेलवाल, विवेक खंडेलवाल राहुल वर्मा, संतोष उमरवैश्य, देवेंद्र मोर्य, मोहम्मद यासीन राइन, मोहम्मद अख्तर आजाद उमरवैश्य, राजेश उमरवैश्य, त्रिवेणी जायसवाल, हरीश चंद्र जायसवाल, सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



# मवेशी चोरी में दो पर रिपोर्ट दर्ज

**पट्टी।** कोतवाली पुलिस ने अखौवा गांव से चार बकरी व एक बकरा चोरी जाने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता राधिका गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के इसराइल एवं विनोद उसकी चार बकरी एवं बकरा खरीदने के लिए उसके दरवाजे आए थे। सौदा तय न होने पर वह लोग वापस लौट गए लेकिन रात्रि में ही उसके पशु शाला का ताला तोड़कर बकरियां व बकरा चुरा लिया गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# गोल्डी मसाला कंपनी ने व्यापारियों को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** गोल्डी मसाले की कम्पनी उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मसाले का निर्माण करती है। यह बातें कंपनी के महाप्रबंधक ने कंपनी द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कही। कहा कि गोल्डी मसाला उपभोक्ताओं में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देती है और प्रचार प्रसार में नए-नए प्रयोग कर रही है। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि गोल्डी मसाला उपभोक्ताओं की आवश्यकता के साथ ही उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देती है। जोनल सेल्स मैनेजर अनिल आर्या ने कहा कि गोल्डी उद्योग समूह को कई बार केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। कंपनी ने अपनी शाखाओं का विस्तार देश के विभिन्न प्रांतो में किया है। जिसमें प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, बिहार झारखंड, वेस्ट बंगाल, असम, उड़ीसा, जम्मू व कश्मीर हिमाचल प्रदेश कर्नाटक महाराष्ट्र, गुजरात व गोवा सहित देश की सीमाओं को लांघते हुए गोल्डी के उत्पाद आज ऑस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका व अरब देशों में फैल चुके हैं। कंपनी के डीलर मशीन एजेंसी के प्रोपराइटर डॉ शकील अहमद ने सभी आए हुए अतिथियों को माला पहनकर, स्मृति चिन्ह, बुके व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शुभम भारद्वाज वर्मा, सुरेश अग्रवाल, मनोज कुमार केसरवानी, रविंद्र केसरवानी, संतोष अग्रहरि, विशाल अग्रहरि, गोविंद बरनवाल, अंकित केसरवानी, प्रमोद खंडेलवाल, पवन खंडेलवाल, अनिल खंडेलवाल, मुकुंद खंडेलवाल, मो. साकिब, नन्हेंलाल वर्मा, मो. फैज, अली खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# दोपहर से सजी वृद्धा की चिता नहीं हो सका शाम तक अंतिम संस्कार

## रिश्तेदारी में रह रही वृद्धा की मौत पर शव को लेकर हंगामा

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में रह रही एक वृद्धा की बीमारी से मौत हो गई वृद्धा की मौत की खबर पर पहुंचे स्वजन शव ले जाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ ।शाम तक शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका है। मंझनपुर के भेलखा गांव की रहने वाली स्व. राम सवारी पत्नी स्व शिव बचान सिंह अपने बहू लालती देवी की प्रताड़ना से तंग आकर पिछले 15 वर्ष से सैनी कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर माढो गांव के मजरा बनियन के पुरवा में दूर के रिश्तेदार मुन्ना के साथ रहती थी हिसामपुर माढो निवासी मुन्ना के अनुसार एक सप्ताह पहले महिला बीमार हो गई जिसका उपचार चल रहा था जिसकी बीती देर रात्रि मौत



हो गई परिजनों को खबर कर अर्थी सजा दी गई और शव को अर्थी पर रख दिया गया।दोपहर भेलखा निवासी स्वजन आए तो अंतिम संस्कार को लेकर हंगामा होने लगा जमकर तू तू मैं मैं हुई सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाते हुए अंतिम संस्कार को राजी करने में जुटे रहे किंतु भेलखा निवासी स्वजन धमकी देते हुए वापस घर चले गए कि अंतिम संस्कार किया तो अंजाम बुरा होगा दोपहर से शव चिता में रखा हुआ है खबर लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका है।चचाओं पर जाएं तो स्व शिव बचान सिंह निवासी भेलखा ने दो शादियां की थी पहली पत्नी 50 वर्ष पहले अज्ञात कारणों से कहीं चली गई थी तभी स्व शिव बचान सिंह ने दूसरी शादी राम सवारी से की थी।

# ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार युवक के दोनों पैर क्षतिग्रस्त

**मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बक्सवा थाना क्षेत्र के दरभंगा बाजना गांव निवासी रामशरन सड़क हादसे में हुए घायल**



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार का दोनों पैर चोटहिल हो गए जिसमें दाहिना पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना देख आसपास रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों ने आननफानन एम्बुलेंस की मदद से घायल को मेडिकल कॉलेज भेजवाया।यहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बक्सवा थाना क्षेत्र के दरभंगा बाजना गांव निवासी रामशरन पुत्र हरिराम यादव किसी काम से प्रयागराज आए थे। इसके बाद रिश्तेदार की बाइक लेकर सैनी इलाके में कहीं जा रहे थे। जैसे ही वह सैनी कोतवाली के सामने पहुंचे तेज गति ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं आसपास के लोगों ने मामले की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को अस्पताल पहुंचाया है मामले की सूचना परिवार के लोगों को दे दी गई है।

## विद्युत विच्छेदन करने गए जेई समेत बिजली कर्मियों पर चापड़ से हमला मुकदमा दर्ज

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** पिपरी थाने के सेवढ़ा गांव में शुक्रवार को विद्युत विच्छेदन और राजस्व वसूली करने गए बिजली कर्मियों को दबंग ने गाली गलौच कर चापड़ लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया। बिजली कर्मियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। जेई ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।विद्युत उपकेंद्र तिल्हापुर के अवर अभियंता जैनुद्दीन अंसारी शुक्रवार को लाइनमैन चरन सिंह, सुरेश कुमार, अजय ठाकुर और मानसिंह के साथ पिपरी थाने के सेवढ़ा गांव में विद्युत विच्छेदन और राजस्व वसूली का कार्य कर रहे थे। उपभोक्ता सूरजकली पत्नी शिव करन का आठ हजार 967 रुपया बकाया होने पर लाइन विच्छेदन कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आशीष भारतीय गाली गलौच कर परिसर में लगे मीटर को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर लाठी और चापड़ लेकर घर से निकल आया और जानलेवा हमला कर दिया। किसी तरह विभाग के लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। अवर अभियंता जैनुद्दीन अंसारी ने थाने जाकर आरोपी आशीष भारतीय के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और जानलेवा हमला करने की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निरस्त होगा जिला पंचायत सदस्य के रायफल का लाइसेंस

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में तीन दिन पहले तिलकोत्सव में मामूली बात पर हवाई फायरिंग करने के मामले में वार्ड नंबर 20 के जिला पंचायत सदस्य की रायफल का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। हमले के मामले में मुकदमा दर्ज हो चुका है और पुलिस अब राइफल का लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी कर रही है जिपं सदस्य के ड्राइवर के खिलाफ फायरिंग करने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने निरस्तीकरण की रिपोर्ट तैयार कर ली है। जल्द ही यह डीएम को भेज दी जाएगी।सैनी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गोरियो गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि 16 जनवरी को उसके भाई का तिलक था। गनपा गांव के गेस्ट हाउस से कार्यक्रम किया गया था। तिलकोत्सव में वार्ड नम्बर 20 के जिला पंचायत सदस्य गया प्रसाद भी आए थे। उनके वाहन चालक सुशील कुमार गौतम निवासी बिदांव थाना कौशाम्बी से मामूली बात पर विवाद हो गया था। इसी को लेकर उसने जिपं सदस्य की लाइसेंसी रायफल से हवाई फायरिंग की थी। इससे कार्यक्रम में अफरातफरी का माहौल बन गया था। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे थे। वहीं, फायरिंग का आरोपी भी जिपं सदस्य को साथ लेकर गाड़ी से भाग निकला था। पीड़ित ने घटना की तहरीर उसी दिन पुलिस को दी थी। सैनी इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया ने बताया कि फायरिंग करने के आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के लिए जल्द ही डीएम को रिपोर्ट भेज दी जाएगी। इसके बाद वह लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा

## पंचायत सहायक ने प्रधान पर लगाया अभद्रता व धमकी का आरोप

**कौशांबी।** विकास खंड कड़ा के एक ग्राम पंचायत के पंचायत सहायक ने ग्राम प्रधान पर अभद्रता व धमकी देने का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। विकास खंड कड़ा के पथरावा ग्राम पंचायत के पंचायत सहायक रामू सरोज ने खंड विकास अधिकारी कड़ा को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह ग्राम पंचायत में जीरो पावती अभियान के तहत कार्य में लगा था । रामू सरोज का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा अभद्रता करते हुए गाली गलौच कर धमकी दी जाती है , रामू सरोज ने बताया कि पूर्व में भी प्रधान द्वारा अभद्रता की जा चुकी है।

## शौच के लिए गई युवती के साथ छेड़खानी

**विरोध करने पर मारपीट व धमकी, शिकायत**

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती घर से शौच के लिए गई थी , इस दौरान पड़ोस का एक युवक युवती के साथ छेड़खानी करने लगा, युवती के विरोध करने पर युवक व उसकी मां धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। युवती की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी पुत्री सुबह घर से शौच के लिए निकली थी , इस दौरान रास्ते में पड़ोस का एक युवक उसकी पुत्री से छेड़खानी करने लगा । युवती के शोर मचाने पर आरोपी युवक अपनी मां के साथ मिलकर धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# अहिरारा में एसपी ने ग्रामीणों को किया कंबल का वितरण

**असहाय, निर्धन व वृद्धों की सेवा करने से मन को मिलता है सुकून व शांति : ज्योतिषाचार्य रामसियासन शास्त्री**






अखंड भारत संदेश

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के अहिरारा गांव में रविवार को तपस्या मानव कल्याण ऊजार्वान ट्रस्ट की तरफ से ग्रामीणों को कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मधुसुदन हुल्गी के व्यस्तता के कारण न पहुंचने पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शुरूआत किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में डी एम के आने की सूचना में काफी ग्रामीण समस्या की फरियाद लगाने पहुंचे थे। उनके न आने पर ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ही गांव में एक गौशाला बनाए जाने की फरियाद लगाई। फूलचंद्र, रमेश कुमार आदि ने 2015 में मिले दूसरे आवास की किस्त दिलाए जाने की मांग किया। उसके बाद विशिष्ट अतिथि ने बिट्टन देवी, सुदामा देवी, अनारकली, सोमी देवी, इंद्राणी, चंदा देवी सहित असहाय व वृद्ध ग्रामीणों के बीच 125 कंबलों का वितरण किया और ट्रस्ट के द्वारा मानव कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रबंधक प्रख्यात ज्योतिषाचार्य रामसियासन शास्त्री ने कहा कि मानव सेवा करने से मन को सुकून और शांति मिलती है। इस भीषण ठंड में असहाय, निर्धन, वृद्ध को कंबल वितरण कराने से उनके द्वारा जो आशीर्वाद मिलेगा उससे हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। ट्रस्ट के माध्यम से हमें लगातार लोगो की सेवा करने का अवसर मिलता रहता है। इसकी प्रेरणा हमे पिताजी जी से मिली है उनकी याद में हम गांव में एक द्वार का निर्माण कराएंगे। कार्यक्रम में ट्रस्ट की अध्यक्ष पुष्पा देवी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सैकड़ों असहाय को नगर पालिका अध्यक्ष ने दिया कम्बल

**कौशाम्बी।** कड़ाके की ठंड में गरीब दिव्यांग असहाय व वृद्ध महिलओ व पुरूषों को कम्बल वितरण किया जा रहा है। नगर पालिका मंझनपुर के विभिन्न वार्डो में जाकर नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी खुद ही कम्बल बाट कर सभी का हाल चाल ले रहे है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने कहा कि दिव्यांगों व असहायों की मदद करना सबसे बड़ा परोपकार है। उन्होने ने समाजसेवियों से अपील किया कि सभी लोगों को दिव्यांगों व असहायों तथा वृद्धो की मदद करना चाहिए।नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने गरीबों असहायों तथा दिव्यांगों आदि को कम्बल वितरण किए। रविवार को नगर पालिका मंझनपुर अध्यक्ष ने वार्ड नम्बर एक और दो के गरीबों व असहायों तथा दिव्यांगों को कम्बल वितरण किए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने कम्बल देने के बाद दिव्यांगों आदि से हाल चाल भी जाना,इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने कहा कि जनता की सेवा करने के लिए उनको भारतीय जनता पार्टी ने टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होने कहा कि वह अपने नगर पालिका



के सभी वार्डो में जाकर गरीबों दिव्यांगो आदि को कम्बल वितरण कर रहे है। नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने कहा कि प्रदेश में योगी की सरकार है, योगी सरकार जनता के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्ही के मार्गदर्शन पर काम किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस ठंड से बचने के लिए गरीबों को यह कम्बल दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि सभी समाजसेवियों को आगे आना चाहिए, और ऐसे लोगों की मदद करे। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि सभी वार्डो के पार्षदो से सूची मांगा गया है। इसबार कम्बल वितरण का कार्य सूची के अनुसार किया जा रहा है, जिससे कोई भी पात्र कम्बल पाने से छूटने नहीं पाये। उन्होने कहा कि सभी वार्डो में सर्वे कराया गया है, और जो पात्र है, उनकी फोटो भी सूची में लगाया जा रहा है, जिससे कोई छूटने नहीं पाये। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि कम्बल वितरण में किसी पार्टी व जाति को नहीं देखा जा रहा है, जो पात्र है, उनको ही कम्बल दिया जा रहा है। कम्बल वितरण का कार्य दो दिनों से चल रहा है, उन्होने बताया कि सभी वार्डो के पात्रों को कम्बल वितरण किया जायेगा। नगर पालिका अध्यक्ष के इस कार्य की लोग सराहना कर रहे है। कम्बल पाकर दिव्यांगों व असहायों आदि का कहना है, कि भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता व नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी लगातार जनता की सेवा करने का काम कर रहे है। लोगों का कहना है, कि अगर कोई गंभीर बीमारी का शिकार है, और इस बात की जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष को हुई तो वह तत्काल मौके पर पहुच कर लोगों का मदद करने का काम करते है। लोगों का यह भी कहना है, कि नगर पालिका अध्यक्ष लगातार अपने क्षेत्र में बने रहते है, और वह नगर पालिका के सभी वार्डो में विकास करने का काम कर रहे है। बहरहाल कुछ भी हो जिस प्रकार से नगर पालिका अध्यक्ष की लोग सराहना कर रहे है, इससे साफ जाहिर हो रहा है, कि कौशाम्बी में भारतीय जनता पार्टी ने जनता के सेवा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था, और वह जनता का सेवक लगातार जनता की सेवा करने का काम कर रहा है। इस मौके पर नगर पालिका की ईओ प्रतिभा सिंह ने भी दिव्यांगों व असहायों तथा गरीबो को कम्बल वितरण करने का काम किया है। इस मौके पर संजय कुमार गुप्ता विजय तिवारी रामयश लोधी भारत गौतम हरिश्चंद्र पाल मान सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### एमवी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन




**मनौरी कौशांबी।** एमवी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज कोइलाहा पूरामुफ्ती के कैंपस में एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के संस्थापक और बारा विधानसभा के विधायक डॉ. वाचस्पति की अध्यक्षता में छात्रों और अभिभावकों के लिए प्रेरणादायक चर्चा हुई। मुख्य अतिथि डॉ. जी.सी. त्रिपाठी (पूर्व कुलपति, बीएचयू), करियर काउंसलर और न्यूमेरोलॉजिस्ट डॉ. वैशाली जैन, तथा सीबीएसई ट्रेनर डॉ. मनु भट ने छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, करियर में सही दिशा चुनने और किसी भी स्ट्रीम में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए।सेमिनार में छात्रों और अभिभावकों ने उत्साह के साथ सवाल पूछे। अभिभावकों ने खासतौर पर बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और पढ़ाई में फोकस बढ़ाने के उपायों के बारे में जाना। विशेषज्ञों ने इस पर व्यावहारिक और उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम में एमवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रिंसिपल्स – अनुभा शर्मा, केडी सिंह, और अनिल त्रिवेदी ने भी हिस्सा लिया। एमवी कॉन्वेंट स्कूल के प्रिंसिपल अभिषेक चतुर्वेदी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अंक लाना नहीं है, बल्कि अपने व्यक्तित्व का विकास कर जीवन में सफलता प्राप्त करना है।इस मौके पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र यथार्थ, तुषा, और अनूप को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सेमिनार ने छात्रों और अभिभावकों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति करने के लिए प्रेरित किया।

### महिला पुलिस बल द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में किया गया भ्रमण



**कौशाम्बी।** नारी सुरक्षा/स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज – 5 अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया गया। इस दौरान बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध मे बताया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं से सरलता पूर्वक बात की गई साथ ही महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। महिला पुलिस बल ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण में कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया गया। कोखराज, करारी, पश्चिम शरीरा, चरवा सहित जनपद के विभिन्न थाना के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला पुलिस बल द्वारा भ्रमण किया गया।

# अंकुश विहीन चालको द्वारा बीच सड़क पर अचानक ब्रेक लगाकर सवारियां उतारे जाने से बढ़ रही दुर्घटना

**यातायात पुलिस की वसूली से कौशांबी की यातायात व्यवस्था चौपट, प्रतिदिन चलने वाले विक्रम अप्पे सीएनजी ऑटो ई रिक्शा की संख्या 5000 से अधिक**



**कौशांबी।** जिले के विभिन्न सड़कों पर दौड़ने वाले विक्रम टेंपो ई रिक्शा सीएनजी अप्पे प्राइवेट अवैध बसों से एक निश्चित रकम प्रत्येक महीने यातायात पुलिस के जवानों द्वारा वसूली की जाती है वसूली के लिए प्राइवेट लोगों को जिम्मा दिया गया है उनके जरिए रकम वसूलकर यातायात पुलिस तक पहुंचाई जाती है यातायात पुलिस को चंद्र रुपए देकर के सड़कों पर वाहन दौड़ने वाले वाहन चालक अंकुशविहीन हो गए हैं और उन्हें यातायात पुलिस का अब तनिक भय नहीं रह गया है सड़क पर आड़ा तिरछा वाहन खड़ा करके सवारी भरी जाती है यातायात पुलिस और होमगार्ड के जवानों की तमाम चौराहों पर ड्यूटी लगाए जाने के बाद जिले के विभिन्न चौराहा पर प्रतिदिन घण्टो जाम लगता है आम जनमानस रोज जाम से परेशान होती है अंकुश विहीन चालको द्वारा बीच सड़क पर अचानक ब्रेक लगाकर सवारियां उतारी जाती है और सड़क पर वाहन खड़ा कर के सवारी भरी जाती है वाहन चालकों के मनमानी के चलते दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं इस बात की पुष्टि पुलिस विभाग के अभिलेख भी कर रहे हैं बताया जाता है कि सड़क पर दौड़ने वाले तमाम विक्रम अप्पे सीएनजी ऑटो के पास चालक का लाइसेंस नहीं है लेकिन उसके बाद भी पूरे दिन दो पहिया वाहन की चेकिंग करने वाली यातायात पुलिस को बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले चालक दिखाई नहीं पड़ते हैं जो उनके अवैध वसूली की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त है। गौरतलब है कि भरवारी करारी सराय अकिल बेनीराम कटरा चायल तिल्हापुर मोड़ सेवढ़ा मंझनपुर सिराथू अझुवा चरवा बेरूवा मूरतगंज हररायपुर इमामगंज गुलामीपुर टेडी मोड कड़ा देवीगंज सैनी पश्चिम शरीरा महेवा घाट कुम्हियवा बैरामपुर चम्पाहा अषाढा बैरागीपुर विजया चौराहा नारा टेवा ओसा कौशांबी खास सहित विभिन्न स्थानों से प्रतिदिन चलने वाले विक्रम अप्पे सीएनजी ऑटो ई रिक्शा की संख्या 5000 से अधिक है इन वाहनों से यातायात पुलिस की वसूली 300 से 500 प्रति वाहन प्रति महीने की हो रही है जो बड़ी जांच का विषय है।

## भरवारी रेलवे फाटक के हाइटगेज में घंटों फंसी रही टूरिस्ट वैन

**परेशान हुए महाकुंभ जा रहे श्रद्धालु**



**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी रेलवे फाटक पर लगे हाइटगेज में शनिवार को को एक टूरिस्ट वैन फंस गयी जिसके चलते भीषण जाम लग गया। स्थानीय लोगों व रेलवे पुलिस की मदद से किसी तरह टूरिस्ट वैन को हाइटगेज से निकाला गया तब उसमें बैठे श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। शनिवार की दोपहर को एक टूरिस्ट वैन लखनऊ से श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज महाकुम्भ जा रही थी। हाईवे पर गूगल मैप के सहारे चलने के कारण व रास्ता भटकते हुए कोखराज थाने के पास से भरवारी की ओर चली आई। रेलवे क्रॉसिंग खुला होने के चलते टूरिस्ट वैन रेलवे फाटक के पास लगे पहले हाइटगेज को तो पार कर गयी। पर दूसरे क्रॉसिंग को पार करते ही वह दूसरे हाइटगेज में जाकर फंस गयी। जिसके चलते रेलवे फाटक पर भीषण जाम लग गया।हाइटगेज में गाड़ी फंसने के चलते उसमें बैठे श्रद्धालु सहम गये। स्थानीय लोगों व रेलवे पुलिस की मदद से किसी तरह टूरिस्ट वैन को हाइटगेज से निकाला गया तो उसमें बैठे यात्रियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान टूरिस्ट वैन का ड्राइवर मूरतगंज के रास्ते होते हुए प्रयागराज को रवाना हो गया।

## सम्पादकीय

### चुनाव आयोग पर सच- साबित हुए राहुल

**अभी** बुधवार को ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नवनिर्मित पार्टी मुख्यालय के उद्घाटन अवसर पर चुनाव आयोग पर उसके पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर निशाना साधा था; और चौबीस घंटे बीतते न बीतते उनकी बात साबित होती भी दिख गयी। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने जानकारी दी कि दिल्ली चुनाव अधिकारी (डीईओ) ने 'एक्स' पर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के आधिकारिक हैंडल पर जारी एक पोस्ट को रिपोस्ट कर दिया है। यह पोस्ट भाजपा नेताओं की चुनाव अधिकारियों के साथ हुई बैठक को लेकर थी।

संजय सिंह ने इसका स्क्रीन शॉट शेयर कर एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था तथा राजनीतिक दल के परस्पर सम्बन्धों को उजागर कर दिया है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में हरियाणा तथा महाराष्ट्र विधानसभा के कुछ माह पहले हुए चुनावों के हवाले से संकेत दिये थे कि उनमें चुनाव आयोग ने पक्षपात किया था। राहुल का यह बयान इस परिप्रेक्ष्य में था कि वहां माहौल पूरी तरह से कांग्रेस और विपक्षी गठबन्धन इंडिया के पक्ष में था परन्तु परिणाम अप्रत्याशित रूप से भाजपा तथा उसके सहयोगी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस के हक में गये थे।

संजय सिंह ने 'एक्स' पर की गयी अपनी पोस्ट में तंज कसा कि 'निर्वाचन अधिकारी औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होकर उसका चुनाव प्रचार करेंगे।' उन्होंने लिखा- 'भारत के इतिहास में पहली बार- नयी दिल्ली के चुनाव अधिकारी ने चोरी-छिपे बीजेपी के ट्वीट-रिट्वीट करने शुरू कर दिये हैं। अब नयी दिल्ली विधानसभा के जिला अधिकारी कह रहे हैं 'जब प्यार किया तो डरना क्या।' कल सुबह 11 बजे जिला चुनाव अधिकारी बीजेपी ऑफिस में पार्टी ज्वाइन करेंगे।' हालांकि जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से इस मुद्दे पर सफाई आई कि सोशल मीडिया हैंडल का संचालन सोशल मीडिया सेल के एक अधिकारी करते हैं। उन्होंने 'अनजाने में' रिपोस्ट की थी और अब उन्हें बदल दिया गया है। लेकिन सवाल तो फिर भी उठता ही है कि अनजाने में ही सही, लेकिन भाजपा की पोस्ट को ही रिपोस्ट क्यों किया गया, क्यों चुनाव आयोग के दफ्तर ने किसी और दल के पोस्ट को रिपोस्ट नहीं किया।

संजय सिंह ने भाजपा और चुनाव आयोग के अंतसंर्बंधों को इस ट्वीट प्रकरण के सन्दर्भ में उजागर किया है लेकिन देश पिछले एक अर्से से यह देख रहा है कि किस प्रकार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में विपक्ष को नेस्तनाबूद करने की जो चालें चली जा रही हैं, उनमें निर्वाचन आयोग प्रमुख भूमिका निभा रहा है। निर्वाचन आयोग को जेबी संस्था की तरह बनाने की कोशिशें हो रही हैं, जिसका काम सत्ता के दिशानिदेर्शों का पालन करना मात्र रह गया है। सारे चुनावी कार्यक्रम सत्ताधीशों की सुविधानुसार तय किये जाने लगे हैं।

अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिये भाजपा सरकार ने चुनाव आयोग को बेहद कमजोर कर दिया है। पहले जहां मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री, विपक्ष के नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मिलकर करते थे।

# आप नेताओं के खिलाफ आदेश से भाजपा को राजनीतिक लाभ की उम्मीद

**- के रवींद्रन**

**राजनी**तिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार का केंद्रीय एजेंसियों पर निर्भर रहना लोकतंत्र और कानून के शासन के सिद्धांतों के प्रति चिंताजनक उपेक्षा को दशार्ता है। लोकतांत्रिक शासन के लिए यह आवश्यक है कि संस्थाए स्वतंत्र रूप से और बिना किसी हस्तक्षेप के काम करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय निष्पक्ष और निष्पक्ष रूप से प्रशासित हो।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ अभियोजन पक्ष को मंजूरी देने का मोदी सरकार का हालिया फैसला राजनीतिक उद्देश्यों के लिए केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल की चल रही कहानी में एक और अध्याय जोड़ता है। मूल रूप से, यह कदम एक ऐसे पैटर्न को उजागर करता है जिसमें देश के विभिन्न संस्थानों को सत्तारूढ़ पार्टी के एजंडे को ही आगे बढ़ाने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जा रहा माना जाता है। वर्तमान घटनाक्रम का संदर्भ और समय इस तरह की कार्रवाइयों के पीछे रणनीतिक प्रेरणाओं को ओर रेखांकित करता है, जिससे इन संस्थानों की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा में उनकी भूमिका के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। 'पिंजरे में बंद तोता' समकालीन राजनीतिक मुहावरे का हिस्सा बन गया है।

केन्द्रीयगृह मंत्रालय द्वारा अभियोजन के लिए मंजूरी नवंबर में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये ऐतिहासिक फैसले के तीन महीने बाद आई है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लोक सेवकों पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरह ही पूर्व मंजूरी लेनी चाहिए। इस फैसले की जांच शक्तियों के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा के रूप में सराहना की गयी थी, जो इस सिद्धांत को पुष्ट करता है कि अभियोजन को पर्याप्त निगरानी के बिना आगे नहीं बढ़ना चाहिए।

लेकिन केंद्र सरकार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही इसे मंजूरी नहीं दी। अब जब चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है तब मंजूरी दी गयी है। इस घटनाक्रम को न्यायपालिका द्वारा ईडी की बढ़ती जांच की पृष्ठभूमि में भी देखा जाना चाहिए। हाल के दिनों में, एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग मामलों से निपटने के लिए विभिन्न अदालतों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। ईडी द्वारा की गयी कई गिरफ्तारियों को 'अवैध' करार दिया गया है, तथा अदालतों ने पर्याप्त सुबूत या उचित प्रक्रिया के बिना हिरासत में लिये गये व्यक्तियों की तत्काल रिहाई का आदेश दिया है।

ऐसे मामलों ने ईडी की निष्पक्षता और कानूनी मानदंडों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं, जिससे एक जांच निकाय के रूप में इसकी विश्वसनीयता पर संदेह पैदा हुआ है। ईडी की कार्रवाई की चयनात्मक प्रकृति ने इसकी मंशा के बारे में संदेह को और गहरा कर दिया है। विपक्षी नेताओं को पकड़ने में एजेंसी का उत्साह सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े लोगों के खिलाफ इसी तरह के आरोपों की जांच करने की उसकी स्पष्ट अनिच्छा के बिलकुल विपरीत है। यह असमानता पक्षपात की धारणा को बढ़ावा देती है और कानूनी प्रक्रिया की निष्पक्षता में जनता के विश्वास को कम करती है। यह संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में भी चिंता पैदा करता है, क्योंकि जिन




एजेंसियों को सत्ता पर नियंत्रण के रूप में कार्य करने के लिए डिझाइन किया गया था, उन्हें तेजी से राज्य नियंत्रण के साधन के रूप में देखा जा रहा है।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी उन प्रभावशाली विपक्षी नेताओं को बेअसर करने पर आमादा दिख रही है, जो इसके खिलाफ प्रतिरोध को बढ़ावा देने की क्षमता रखते हैं। केजरीवाल, विशेष रूप से दिल्ली में, आप को एक मजबूत ताकत के रूप में स्थापित करने और अन्य राज्यों में इसके प्रभाव का विस्तार करने में उनकी सफलता को देखते हुए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक चुनौती का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसा लगता है कि सरकार उन्हें और उनके करीबी सहयोगियों को निशाना बनाकर आप की विश्वसनीयता को कमजोर करने और उसकी चुनावी संभावनाओं को कम करने की कोशिश कर रही है।

राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार का केंद्रीय एजेंसियों पर निर्भर रहना लोकतंत्र और कानून के शासन के सिद्धांतों के प्रति चिंताजनक उपेक्षा को दशार्ता है। लोकतांत्रिक शासन के लिए यह आवश्यक है कि संस्थाए स्वतंत्र रूप से और बिना किसी हस्तक्षेप के काम करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय निष्पक्ष और निष्पक्ष रूप से प्रशासित हो। जब इन सिद्धांतों से समझौता किया जाता है, तो यह राज्य की वैधता को कमजोर करता है और इसकी संस्थाओं में विश्वास को कम करता है। विपक्षी नेताओं से जुड़े मामलों में केंद्रीय एजेंसियों को बार-बार बीच में लाने से यह आभास होता है कि सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाये रखने की तुलना में सत्ता को मजबूत करने के लिए अधिक चिंतित है।

इस प्रवृत्ति के व्यापक निहितार्थ बहुत चिंताजनक हैं। एक स्वस्थ लोकतंत्र में, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाएं भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग पर महत्वपूर्ण जांच के रूप में काम करती हैं। उनकी विश्वसनीयता बिना किसी डर या पक्षपात के काम करने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती है, जो राजनीतिक संबद्धता की परवाह किये बिना कानून को समान रूप से लागू कर सके। जब इन एजेंसियों को सत्तारूढ़ पार्टी के उपकरण के रूप में माना जाता है, तो उनकी प्रभावशीलता से समझौता होता है, और उनके कार्यों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। इससे न केवल संस्थाएं कमजोर होती हैं, बल्कि समग्र रूप से न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास भी कम होता है।

ईडी से जुड़े मामलों में न्यायपालिका के हालिया हस्तक्षेप आशा की एक किरण प्रदान करते हैं, जो लोकतांत्रिक मानदंडों की रक्षा में एक स्वतंत्र न्यायपालिका की भूमिका को उजागर करते हैं। अवैध हिरासत के मामलों को सामने लाकर और उचित प्रक्रिया की आवश्यकता पर जोर देकर, अदालतों ने कानून के शासन को बनाये रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। हालांकि, न्यायपालिका अकेले जांच एजेंसियों को परेशान करने वाले प्रणालीगत मुद्दों का प्रतिकार नहीं कर सकती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए संस्थागत स्वायत्तता को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस प्रयास की आवश्यकता है कि एजेंसियां राजनीतिक दबाव से अछूती रहें।

विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर और केंद्रीय एजेंसियों को राजनीतिक प्रतिशोध के साधन के रूप में इस्तेमाल करके, सत्तारूढ़ पार्टी ध्रुवीकरण को गहरा करने और अविश्वास के माहौल को बढ़ावा देने का जोखिम उठा रही है। इस तरह की रणनीति से अल्पकालिक लाभ मिल सकता है, लेकिन वे लोकतांत्रिक शासन की नींव को नष्ट करने की कीमत पर आते हैं। लंबे समय में, लोकतंत्र का स्वास्थ्य सभी राजनीतिज्ञों की संस्थागत सीमाओं का सम्मान करने और निष्पक्षता और न्याय के सिद्धांतों को बनाये रखने की इच्छा पर निर्भर करता है।

# धर्म बांटने की नहीं, जोड़ने की जीवन पद्धति है

**? ललित गर्ग ?**

**विश्व धर्म** दिवस हर साल जनवरी के तीसरे रविवार यानी इस वर्ष 19 जनवरी को मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया के सभी धर्मों की विविधता और संस्कृति का जश्न मनाने का दिन है। इस दिन को मनाने का मकसद, धर्मों के बीच समझ, सौहार्द और शांति को बढ़ाना है क्योंकि धर्म दीप नहीं, चिराग नहीं, बिजली नहीं, बल्कि यह सूर्य है और उसी की भांति यह बिना किसी भेदभाव के सबको आलोक एवं मंगल बांटता है। धर्म जीवन का अभिन्न अंग है, तत्व है। इसके अस्तित्व को नकारने का अर्थ है स्वयं के अस्तित्व को नकारना। दुनिया में असंख्य लोग जिस सबसे गहरी श्रद्धा के साथ जिसे पूजते हैं, वह धर्म है। धर्म ही कामधेनु है, धर्म ही कल्पतरु है। जिसने धर्म को सही रूप में स्वीकार कर लिया, समझ लीजिये कि उसने जीवन की सर्वोच्च निधि को प्राप्त कर लिया। धर्म की इसी महत्ता के कारण विश्व धर्म दिवस की शुरूआत साल 1950 में संयुक्त राज्य अमेरिका के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा ने की थी। बहाई धर्म के अनुयायियों का मानना है कि सभी धर्मों में समान विशेषताएं हैं और उनका समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए। प्रारंभ में एक बहाई अनुष्ठान के रूप में विश्व धर्म दिवस धर्म की एकता और प्रगतिशील रहस्योद्घाटन के बहाई सिद्धांतों से प्रेरित था, जो धर्म को मानवता के इतिहास में निरंतर विकसित होने के रूप में वर्णित करता है। यह उन विचारों को उजागर करके इन सिद्धांतों को बढ़ावा देता है कि दुनिया के धर्मों में अंतर्निहित आध्यात्मिक सिद्धांत सामंजस्यपूर्ण हैं और धर्म मानवता को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज इस दिवस की सर्वाधिक प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। आज की दुनिया में, जहाँ सांस्कृतिक और धार्मिक तनाव अक्सर सुर्खियों में छाए रहते हैं, विश्व धर्म दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम एक समान मानवता, शांति और कल्याण की सार्वभौमिक इच्छा साझा करते हैं। अंतर-धार्मिक संवाद के माध्यम से, हम एक-दूसरे की मान्यताओं और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं, गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं और आपसी समझ के पुल बना सकते हैं। इससे सहिष्णुता, सम्मान और सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः एक अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण दुनिया का मार्ग प्रशस्त करता है। भारतीय संस्कृति की आत्मा धर्म है। यही कारण है कि यहां अनेक धर्म पल्लवित एवं पुष्पित हुए हैं। सबने अपने-अपने ढंग से धर्म की व्याख्या की है।



सुप्रसिद्ध लेखक लार्ड मोर्ले ने लिखा है, ह्यह्यआज तक धर्म की लगभग दस हजार परिभाषाएं हो चुकी हैं, पर उनमें भी जैन, बौद्ध आदि कितने ही धर्म इन व्याख्याओं से बाहर रह जाते हैंह्लह्ल लार्ड मोर्ले की इस बात से यह चिंतन उभर कर सामने आता है कि ये सब परिभाषाएं धर्म-सम्प्रदाय की हुई है, धर्म की नहीं। सम्प्रदाय अनेक हो सकते हैं, पर उनमें निहित धर्म का संदेश सबका एक है।

पंथ, संप्रदाय या वर्ग तक ही धर्म को सीमित नहीं किया जा सकता। धर्म बहुत व्यापक है। धर्म न तो पंथ, मत, संप्रदाय मंदिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य, करूणा और अहिंसा है। आत्मशुद्धि का साधन है। जीवन परिवर्तन एवं उसे सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। जिन लोगों ने सामाजिक सहयोग को धर्म का ताना-बाना पहना दिया है, किसी को भोजन देना, वस्त्र की कमी में सहायता प्रदान करना, रोग आदि का उपचार करना अध्यात्म धर्म नहीं, किन्तु पारस्परिक सहयोग है, लौकिक धर्म है। इनदिनों प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ, भारतीय धर्म और संस्कृति का प्रतीक है जो दुनिया को एकजुट करने का सशक्त माध्यम है। यह दुनिया भर में सनातन धर्म की महत्ता को दिखाता है। महाकुंभ में शामिल होने से आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं और पाप धुल जाते हैं। यह सनातन धर्म का सबसे अहम और पवित्र आयोजन है जिसमें शामिल होने से मोक्ष मिलता है, आत्मा की शुद्धि होती है। कुंभ हो या हज यात्रा या फिर क्रिश्चयन समुदाय का वेटिकन मास, धर्म की पुकार सदियों से इंसानों को एक स्थान पर खींचती आई है। हर सभ्यता में मनुष्य एक तय समय पर अपने ही जैसे विश्वास के लोगों से मिलता है और धार्मिक अनुष्ठान कर एक बेहतर दुनिया एवं जिंदगी की कामना करता है। धर्म और आस्था की डोरी सदियों से मानवों को अपनी ओर खींचती आई है। धर्म का भाव, मुक्ति की कामना लाखों लोगों को एक सूत्र में पिरोती है। इसलिए ऐसी गतिविधियों में मनुष्य बिना बुलाये ही भारी संख्या में जमा हो जाता है। दुनिया में हर स्थान पर धार्मिक क्रियाओं के लिए हर कोने में एक निश्चित जगह पर लाखों-करोड़ों लोग जमा होते हैं।

सनातन, बहाई, इस्लाम, ईसाइयत हर धर्म के लोग अपनी परंपरा को मनाने के लिए एक निश्चित स्थान पर जमा होते हैं। मान्यता है कि सनातन में कुंभ की परंपरा लगभग 2500 साल से ज्यादा समय से चलती आ रही है, इस्लाम के मानने वाले लगभग 1400 सालों से हज पर जाते रहे हैं जबकि क्रिश्चयन समुदाय के लोग 1700 सालों से ईस्टर संडे मनाते आ रहे हैं। वेटिकन मास का आयोजन भी सालों से होता आ रहा है। धर्म जीवन का रूपान्तरण करता है। पर जिनमें धर्म से परिवर्तन घटित नहीं होता उन धार्मिकों ने शायद धर्म के वास्तविक स्वरूप को आत्मसात नहीं किया है।

उन धार्मिकों से हैरान हो जाना चाहिए जो वर्षों से धर्म करते आ रहे हैं, किंतु जीवन में परिवर्तन नहीं आ रहा है। धार्मिक की सबसे बड़ी पहचान है कि वह प्रेम और करुणा से भरा होता है। धार्मिक होकर भी व्यक्ति लड़ाई, झगड़े, दंगे-फसाद करे, यह देखकर आश्चर्य होता है। धार्मिक अधर्म से लड़े, असत्य से लड़े, बुराई से लड़े यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुख का विषय है। धार्मिक होने की पहली प्राथमिकता है नैतिकता। धार्मिक होकर यदि व्यक्ति नैतिक नहीं है तो यह धर्म के क्षेत्र का सबसे बड़ा विरोधाभास है। आज देश की लगभग -एक अरब पचास करोड़ की आबादी में -सौ करोड़ जनता धार्मिक मिल सकती है पर जहां तक ईमानदारी एवं नैतिकता का प्रश्न है, -दो करोड़ भी संभव नहीं है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि बेईमान धार्मिकों की संख्या अधिक है। एक धार्मिक कहलाने वाला व्यक्ति चरित्रहीन हो, हिंसा पर उतारू हो, आक्रांता हो, धोखाधड़ी करनेवाला हो, छुआछूत में उलझा हुआ हो, भ्रष्टाचार करता हो, दहेज के नाम पर बालिकाओं का उत्पीड़न करता हो और भी अनेक अनैतिक आचरण करता हो, क्या वह धार्मिक कहलाने का अधिकारी है? पुत्र, पत्नी, परिवार, पैसा, पद-प्रतिष्ठा इनके पीछे आम आदमी जहां पागल बना दौड़ रहा है, वहां इस सचाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि इन सबसे ऊपर की चीज सुख-शांति का रास्ता अजाना-अचीन्हा मार्ग धर्म है। धर्म शून्य व्यक्ति बाहर से सब कुछ पाकर भी अंतर में रिक्तता का अनुभव करता है। धार्मिक व्यक्ति वस्तु जगत की न्यूनता को भी आंतरिक संपदा के कारण पूर्णता में बदल देता है।

क्योंकि वह जानता है पदार्थ सापेक्ष सुख अस्थायी है। धार्मिक आस्था और सम्यक आचरण से होने वाली सुखानुभूति स्थायी होती है। भारतीय मनीषा में धर्म केवल ईश्वरीय आस्था ही नहीं है, वह वैश्विक व्यवस्था है। सृष्टि का सार्वभौम, सर्वकालिक नियम है। जीवन पद्धति है। धर्म मजहबी विश्वास या बंधन नहीं है। वह आंतरिक प्रकाश है, ज्ञान और आनंदमयी चेतना का स्पंदन है। धर्म वह आचार-संहिता है, जिसमें सर्वोदय-सबका अभ्युदय, सबका विकास निहित है।

इसलिये विश्व धर्म दिवस मनाते हुए हमें धर्म के वास्तविक स्वरूप को अंगीकार करना चाहिए। धर्म मनुष्यता का मंत्र है, उन्नति का तंत्र है। पशुता को मनुजता में रूपांतरित करने का यंत्र है।

धर्म एक मयार्दा है, वह जीवन को मर्यादित करता है। व्यक्ति और समाज की उच्छृंखल वृत्तियों-प्रवृत्तियों का नियमन करता है। धर्म सम्मत जीवन वह है, जहां मनुष्य किसी भी प्राणी को हानि पहुंचाएं बिना नैतिक समाज में अपनी मिसाल खड़ी कर सके। बिना किसी को कष्ट दिए, स्वयं सत्कर्म में लगा रहे। क्योंकि धर्म उत्कृष्ट मंगल है-समस्त विघ्न, बाधाओं, कष्टों का निवारक, सिद्धिदायक, यह विश्वशांति का अमोघ साधन है।

# बाजार में क्यों हाहाकार है

**- अरविन्द मोहन**

**इसका अ**सर निश्चित रूप से हमारे शेयर बाजारों के साथ रुपए का मोल गिरने पर पड़ा है और दुनिया भर में पेट्रोलियम की कीमतों में अचानक और अकारण से उछल पड़ा है। अमेरिकी डालर का मूल्य अमेरिका में भी बढ़ा है क्योंकि उसमें निवेश में कमाई के नतीजे बेहतर होने की रिपोर्ट आई है। वहां भी लगभग एक फीसदी गिरा है और इसका असर वैश्विक है।



बाजार में हाहाकार है। बाजार मतलब सिर्फ शेयर और पूंजी बाजार नहीं करेंसी बाजार और सामान्य बाजार भी। यह बात जोर शोर से प्रचारित की जा रही है कि खुदरा मूल्य सूचकांक गिरा है और चार महीने के न्यूनतम स्तर पर आ गया है लेकिन वह अभी भी 5.2 फीसदी जैसे खतरनाक स्तर से ऊपर है और यह बात रिजर्व बैंक भी मानता है। बल्कि इसके चलते वह बैंक दरों में हेरफेर करने से बच रहा है। अभी तत्काल बड़ी चिंता शेयर बाजार में कोहराम से है। जब 13 जनवरी को बाजार का एक दिन का नुकसान 13-14 लाख करोड़ रुपए का हो गया तो दूसरे दिन सरकार और बाजार के कामकाज पर नजर रखने वाले सचेत हुए। कुछ टेक्नीकल करेक्शन का असर था और कुछ हजारों करोड़ रुपए झोंकने का, बाजार में हल्की बढ़त दिखी। झोंकना शब्द जाना-बूझ कर इस्तेमाल किया गया है क्योंकि साझा कोष हों या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां, उनके निवेश का फैसला बाजार के रुख की जगह सरकार के रुख से तय होता है और हर संकट में ऐसा निवेश बाजार बचाने वाला होता है और करेंसी बाजार को संभालने के लिए तो सचमुच बैंक में जमा धन बाजार में उतारना पड़ता है। इस बार बाजार संभल पाएगा यह कहना मुश्किल है क्योंकि यह सिर्फ किसी एक समूह के कामकाज से जुड़ी देसी-विदेशी रिपोर्ट या सच के उजागर होने से आया तूफान नहीं है।

इस बार की गिरावट वैश्विक स्तर पर होने वाले कुछ बड़े बदलावों के चलते है और इसका असर हमारे बाजार पर सिर्फ 13 जनवरी को नहीं आया है। हमारा सेंसेक्स अस्सी हजार अंक से इतना नीचे आ गया है कि जल्दी भरोसा नहीं होता कि वह कभी इतना ऊपर गया था। चार सत्रों में ही गिरावट ढाई हजार अंकों से ज्यादा की हो चुकी है और इसमें हर तरफ लक्षण खराब दिख रहे हैं। बाजार के जानकार जिनकी बारीक चीजों पर नजर रखते हैं उनमें 'निफ्टी नेक्स्ट 50' अर्थात निफ्टी में शामिल पचास शेयरों के बाद वाले पचास शेयरों का हिसाब समझ आता है, में और ज्यादा गिरावट के लक्षण देख रहे ही। उनमें आम तौर पर बीस फीसदी से ज्यादा की गिरावट है लेकिन अदानी ग्रीन जैसे दुलारे शेयरों में साल भर में 58 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। 13 जनवरी को ही बाजार 1.5 फीसदी के आसपास गिरा तो इन पचास शेयरों में गिरावट 4.3 फीसदी थी। अर्थात बाजार में आगे के लिए भी बहुत उम्मीद नहीं दिखती और निवेशक बाजार से मुंह मोड़ रहे है। ऐसा विदेशी निवेशक लगातार कर रहे हैं और उनके पूंजी निकालने(तथा चीन की तरफ रुख करने) पर सरकार अपनी संस्थाओं और सहयोगी संस्थाओं से लिवाली करा के बाजार को स्थिर करने का प्रयास करती रही है। पिछले साल की अंतिम छमाही में यह ट्रेंड रहा है। शेयर बाजार की बदहाली का एक बड़ा कारण तो अचानक चीन के बाजारों में बढ़ता निवेश है और इसमें चीन सरकार की नीतियों के साथ दुनिया के बाजार में चीन की अनिवार्यता को स्वीकार करना भी एक कारण है। आज चीन का विदेश व्यापार का सरप्लस एक ट्रिलियन डालर का हो चुका है और काफी सारे देशों को लगता है कि चीन के उत्पादन तंत्र में पूंजी, ब्रांड-मूल्य और तकनीक की साझेदारी से अगर वे घाटे को कम कर सकते हैं तो जरूर करना चाहिए। चीन ने भी विदेशी निवेश आकर्षित करने के इंतजाम बढ़ाए हैं। पिछले छह महीने का जो हिसाब है वह बताता है कि चीन के प्रति डोनाल्ड ट्रम्प के जहर उगलने का भी निवेशकों के मन पर कोई असर नहीं हो रहा है। आज दुनिया के पूंजी बाजार में एक अलग तरह की हलचल है (और हमारे बाजार भी उससे गहरे प्रभावित हैं) उसका ट्रम्प के आगमन और उससे भी ज्यादा सरकारी अमेरिकी गील्ड में रिटर्न की डर का पांच फीसदी से ऊपर पंहुंचने का हाथ है। जब बैंक और सरकारी बांड वगैरह में पड़ी रकम पांच फीसदी से ज्यादा की कमाई देने लगे तब अमेरिकी ही नहीं विकसित दुनिया के काफी सारे निवेशकों को दूसरी तरफ देखने की जरूरत नहीं है। ऐसा भरोसा तब और असरदार हो जाता है जब ट्रम्प के आगमन की आशंका से बाजार में बेचैनी हो। इसका असर निश्चित रूप से हमारे शेयर बाजारों के साथ रुपए का मोल गिरने पर पड़ा है और दुनिया भर में पेट्रोलियम की कीमतों में अचानक और अकारण से उछल पड़ा है। अमेरिकी डालर का मूल्य अमेरिका में भी बढ़ा है क्योंकि उसमें निवेश में कमाई के नतीजे बेहतर होने की रिपोर्ट आई है। वहां भी लगभग एक फीसदी गिरा है और इसका असर वैश्विक है। लेकिन हमारे बाजार और रुपए की गिरावट को हम अकेले इसी बहाने नजरअंदाज नहीं कर सकते। डालर का 86.53 रुपया छूना बताता है कि हम असल खतरे वाले जोन में आ रहे हैं। अगर डालर की मजबूती और अमेरिकी बैंक रेट में गिरावट के लक्षण नहीं हैं तो रुपए जैसी कमजोर मुद्राओं पर लगातार दबाव रहेगा। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की भविष्यवाणी है कि साल भर में हमारा रुपया डालर के मुकाबले सवा रुपया और गिरेगा। इसका सीधा असर हमारे आयात बिल पर पड़ेगा। पिछले सितंबर से दिसंबर के तीन महीनों में रुपए को संभालने में चार लाख करोड़ से ज्यादा की लिक्वीडिटी कम हुई है अर्थात बाजार में नकदी कम हुई है। लेकिन यह मात्र करेंसी का मामला नहीं है। 20 जनवरी को जब ट्रम्प सत्ता में आएंगे तब के बाद वे काफी ऐसी चीजें करने वाले हैं ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक, विकास योजनाओं व जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा

● उत्तर प्रदेश दिवस की भव्य तैयारी के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कैंप सभागार में वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर व जिला समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के वित्तीय वर्ष 2024-25 को 579.89 लाख रुपये के कार्यों का अनुमोदन किया गया। डीएम ने परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया कि योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन करें व सत्यापन को जिला स्तरीय



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

नोडल अधिकारी नामित करें।

ठंड के मौसम को देखते हुए, डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गौशालाओं में तिरपाल लगाकर शेड बंद रखने, भूसा व चारे की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बीमार पशुओं के तत्काल इलाज व टैगिंग के लंबित कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया। कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लंबित दावों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए गए। राजस्व मामलों, जैसे धारा 67 व 116 के लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया। साथ ही 24-26 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस 2025 समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन, विजेताओं को सम्मानित करने, और उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों, चिकित्सकों व अन्य व्यक्तियों को सम्मानित करने के निर्देश दिए।

### फार्मर रजिस्ट्री में धीमी प्रगति पर डीएम की नाराजगी, कड़े निर्देश जारी

**चित्रकूट।** जिला प्रशासन के कार्यों में धीमी प्रगति को लेकर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। खासकर राजापुर क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति को लेकर उन्होंने कठोर टिप्पणी की। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्थिति बिल्कुल अस्वीकार्य है व इसे शीघ्र सुधारने की आवश्यकता है। डीएम ने एसडीएम राजापुर से कहा कि 50 ग्राम पंचायतों में कार्य चल रहा है, लेकिन प्रगति में कोई विशेष सुधार नहीं देखा जा रहा। आदेश दिया कि प्रक्रिया को तत्काल गति दी जाए व ग्राम पंचायतों में तैनात कर्मचारियों को परिणाम सुनिश्चित करने को कड़ी मेहनत करनी होगी। साथ ही, उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए। आगे कहा कि यदि प्रगति में कोई सुधार नहीं होता है, तो जिम्मेदार नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्राफ बनाकर काम करें, तभी कार्यों में प्रगति होगी। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने पंचायत सहायक और रोजगार सहायक के कार्यों की नियमित निगरानी की आवश्यकता भी जताई और लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों द्वारा सही तरीके से कार्य नहीं किया गया तो उन्हें सख्त परिणाम भुगतने होंगे।

## जनपद में जल जीवन मिशन के तहत जन जागरूकता अभियान




ग्रामीणों संग पानी के महत्व पर चर्चा करते अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पानी की समस्या के निदान को भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन (हर घर जल) योजना में बड़े पैमाने पर जन जागरूकता व स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. के मार्गदर्शन में विकास खंड पहाड़ी के विभिन्न राजस्व ग्रामोंकृपथवारा, लोहड़ा, पटौनी, पटनाखालसा, सागवार, ब्यौहरा, ओहदा, व अरछबरेठी में आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां की गईं।

अभियान में अधिशासी अभियंता ने ग्रामीणों को जल जीवन मिशन में प्रदान किए जा रहे पानी के महत्व व उसके सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। बताया कि मिशन के तहत दिए जाने वाले पानी को समय-समय पर प्यूरिफाई किया जाता है, जिससे पीने योग्य व सुरक्षित रहता है। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, दूषित पानी से बचाव, व जलजनित बीमारियों के प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विद्यालयों में ड्राइंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने जल संरक्षण व स्वच्छता पर कला के माध्यम से जागरूकता फैलाई। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, व तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। आंगनवाड़ी केंद्रों व सामूहिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पौष्टिक आहार, पोषण की गुणवत्ता, व स्वच्छ पेयजल के महत्व पर चर्चा की गई।

### ब्लैक पैंथर्स ने टुस्को इंजिनियर इलेवन को दी करारी शिकस्त

**मऊ (चित्रकूट)।** नगर पंचायत मऊ के कैलाश विहार शिव बाबा क्रिकेट ग्राउंड में चल रही भव्य महादेव क्रिकेट प्रतियोगिता के रविवार को हुए रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुपर संडे के तहत खेले गए दो मुकाबलों में पहला मैच नौबस्ता मऊ और जुगराजपुर कौशांबी के बीच हुआ। नौबस्ता मऊ की टीम 12 ओवर में 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में जुगराजपुर ने 9.2 ओवर में 84 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस शानदार बॉलिंग प्रदर्शन के लिए तेज गेंदबाज आदित्य को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, दूसरे मुकाबले में ब्लैक पैंथर्स मऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 156 रन बनाए। इसमें जीतू त्रिपाठी ने 31 गेंदों में 56 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विनोद ने 53 रन बनाए। अर्पित बाजपेई व भास्कर तिवारी ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक पैंथर्स को एक बड़ा स्कोर खड़ा किया। टुस्को इंजिनियर इलेवन की टीम 122 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ब्लैक पैंथर्स की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए जीतू त्रिपाठी, अर्पित बाजपेई, भास्कर तिवारी, मोफीस पठान और अंशू द्विवेदी ने मिलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। ब्लैक पैंथर्स की शानदार जीत प्रतियोगिता में एक और आकर्षक मुकाबला बन गई।

## ग्राम पंचायतों में 400 कंबल वितरण गरीबों और असहायों को मिली राहत




कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण

● ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में एकता और सहयोग का संदेश मिलता है

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के ग्राम पंचायत पथरामानी, प्रसिद्धपुर, नोनार व जम्हीली में रविवार को गरीबों व असहायों के बीच 400 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम (एफआर) उमेश चंद्र निगम, एसडीएम राजापुर आलोक कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी व खंड विकास अधिकारी पहाड़ी ने की।

एडीएम (एफआर) उमेश चंद्र निगम ने कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को समय-समय पर मदद प्रदान की जा रही है। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ऐसे कार्यों को और अधिक व्यापक रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में फैलाया जाए। ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में एकता और सहयोग का संदेश मिलता है। प्रशासन की ओर से भविष्य में और भी ऐसे राहत कार्यों के आयोजन की बात की। सर्दी के मौसम को देखते हुए कदम उठाया गया जिससे जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव का उपाय मिल सके। कंबल वितरण कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया व कंबल प्राप्त कर राहत महसूस की।

### सदर रोड पर लगी भीषण आग, लाखों का सामान स्वाहा

**चित्रकूट।** सदर रोड स्थित पुष्पेंद्र गुप्ता की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दुकान में रखे कंप्यूटर, लैपटॉप, व कैमरे सहित करीब 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने की आशंका है। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग ने पास की अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में लेने की कोशिश की, लेकिन दमकल कर्मियों व जनसहयोग से बड़ा हादसा टाल दिया गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस व प्रशासन इस मामले की जांच में जुटे हैं। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से प्रभावित दुकानदार को मुआवजा देने की मांग की है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 20 को होगा

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. ने जानकारी दी कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन राजस्व अनुभाग-4 लखनऊ के निर्देश पर जनवरी के तृतीय शनिवार (18 जनवरी) को होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 20 जनवरी सोमवार को होगा। बदलाव मा प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत देशभर में प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) के इलेक्ट्रॉनिक वितरण व मा. मुख्यमंत्री द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को भौतिक रूप से घरौनी वितरण कार्यक्रम के की वजह से किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### नाबालिक के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**राजापुर/चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश में वांछित/वारण्टी आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान में दरोगा सरधुवा आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में सरधुवा पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया। बताया गया कि तेरह जनवरी को वादी ने थाना सरधुवा में सूचना दी कि सिकन्दर खान पुत्र ज्ञानी खान ने 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री का हाथ बांधकर जबरन पकड़कर घसीटते हुये छेड़छाड़ की व जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। सूचना पर थाना सरधुवा में पॉक्सो एक्ट एवं अन्य उचित धाराओं में सिकन्दर खान के ऊपर नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा ने मुकदमें की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दारोगा अरविन्द पाण्डेय को निर्देशित किया। दारोगा अरविन्द पाण्डेय एवं सिपाही ललित सोनी ने आरोपी सिकन्दर खान को रविवार को गिरफ्तार किया।

### गढ़चपा में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान से मनाई गई



**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर के गढ़चपा गांव में रविवार को महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वीरता, शौर्य व त्याग के प्रतीक महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। सिसोदिया राजवंश के महान सम्राट महाराणा प्रताप ने भारतीय स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अकबर की आधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया व दृढ़ प्रण से इतिहास में अमर हो गए। उनका जीवन शौर्य, पराक्रम और संघर्ष से भरा हुआ था, जिससे आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। समारोह में लोगों ने महाराणा प्रताप के कार्यों व बलिदानों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। महाराणा प्रताप के योगदान को याद करते हुए प्रधान प्रतिनिधि ने कहा अपने कर्मों से हमें वर्तमान को इतना सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना चाहिए कि हम भविष्य को भी उज्जवल बनाने में सक्षम हो सकें। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ और उपस्थित सभी ने सामूहिक रूप से उनके अमर योगदान को सम्मानित किया।

### पुलिस ने तीन वारण्टी आरोपी दबोचे




**चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश में वांछित/वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के जारी अभियान में चित्रकूट पुलिस ने तीन वारंटियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया। दारोगा कृपानन्दन शर्मा थाना मानिकपुर ने टीम के सिपाही दीपक कुमार के साथ वारण्टी आरोपी रामू प्रसाद मिश्रा पुत्र लक्ष्मी नारायण मिश्रा निवासी मानिकपुर चित्रकूट को गिरफ्तार किया । वहीं दारोगा श्याम देव सिंह चैकी प्रभारी मण्डी समिति थाना कोतवाली कर्वी ने टीम के सिपाही शिवपूजन यादव के साथ वारण्टी आरोपी लक्ष्मी कान्त मिश्रा उर्फ शास्वत मिश्रा पुत्र बृजभूषण निवासी बल्दाऊगंज,कर्वी चित्रकूट को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में दारोगा यदुवीर सिंह प्रभारी चैकी गनीवा थाना राजापुर ने टीम के मुख्य सिपाही/चालक वीरेन्द्र कुमार के साथ वारण्टी आरोपी गनपत प्रसाद पुत्र स्व0 कैरा प्रसाद निवासी पैकोरा थाना राजापुर चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

### मिशन शक्ति अभियान-5ः महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की मुहिम



**चित्रकूट।** मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत जिले भर के समस्त थानों की एंटी रोमियों टीम व शक्ति दीदी ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना है। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश व सीओ राजापुर जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में रविवार को जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व ग्रामों में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी।

### मारकुंडी में झोलाछाप डॉक्टर की करतूत से मरीज की मौतः परिजनों का आरोप

**मारकुंडी, चित्रकूट।** मारकुंडी थाना क्षेत्र में रविवार को एक भयानक घटना सामने आई है, जब झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक मरीज की मौत हो गई।घटना किहुनिया (डीपू) गांव की है, जहां पर घनश्याम प्रसाद गौतम ने तहरीर दी है। आरोप है कि पंकज राय नाम के झोलाछाप डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाकर एक परिवार के सदस्य की जान ले ली। परिजनों का आरोप है कि जब मरीज का इलाज किया जा रहा था, तो डॉक्टर की लापरवाही के कारण कुछ ही मिनटों में मरीज की हालत बिगड़ गई व दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। परिजनों ने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इससे भी ज्यादा चैंकाने वाली बात यह है कि यह पहली बार नहीं है जब इस झोलाछाप डॉक्टर की वजह से किसी की जान गई हो। पहले भी कई बार इस डॉक्टर की लापरवाही से मौतें हो चुकी हैं। इलाके में डॉक्टर के खिलाफ गुस्सा भड़क चुका है व लोग कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं मारकुंडी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है व शव कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में सख्त कदम उठाए जाएंगे व दोषी को सजा दिलवाने तक कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## डीएम ने ठंड में किया कंबल वितरण, गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मा मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने रविवार को ठंड से बचाव को सरहट, एलहा बढैया, उचाडीह व मऊ गुरदरी गांवों में दो हजार कंबल वितरित किए। डीएम ने कहा कि ठंड के मौसम में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है व सरकार ने इस कार्य को धर्म व जाति से परे हटकर किया जा रहा है।

कंबल वितरण में डीएम ने बताया कि कंबल केवल उन लोगों को दिए जा रहे हैं जिन्हें सच में आवश्यकता है। कहा कि सरकार की पहल गरीबों को ठंड से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पूरी तरह से बिना किसी भेदभाव के आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि लोग किसान गोल्डन कार्ड बनवाएं ताकि उन्हें सरकार



असहायों को कंबल वितरण करते डीएम

की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके, साथ ही आयुष्मान योजना के तहत 70 वर्ष से ऊपर के लोगों के मुफ्त इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है। एलहा बढैया में एक बच्चे की खराब स्थिति देख डीएम ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया कि बच्चे का वजन कर एनआरसी केंद्र में भर्ती कराएं। मऊ गुरदरी में डीएम ने बच्चों को चॉकलेट व बिस्किट वितरित किए। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर मोहम्मद जसीम, तहसीलदार वॉचसपति सिंह, ग्राम प्रधान सरहट प्रमोद कुमार, एलहा नत्थू, उचाडीह उषा देवी, मऊ गुरदरी रामनाथ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में ट्राली के नीचे दबे पिता और पुत्र की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के कमासिन - दादौं मार्ग पर अपराह्न 3:00 बजे गिट्टी से लदा ट्रैक्टर किशनपुर की तरफ जा रहा था। इसी समय मोपेड में सवार होकर पिता फूलचंद सोनकर पुत्र सूरजपाल सोनकर उम्र 58 वर्ष निवासी गढा थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर अपने 13 वर्षीय पुत्र शिव बाबू के साथ बबेरू से निमंत्रण से वापस आकर अपने गांव जा रहा था कि दांदौं गांव के पहले ट्रैक्टर चालक ने ओवरटेक करके आगे निकलना चाहा इसी दौरान मोपेड में टक्कर लग गई जिससे दोनों पिता पुत्र ट्राली के नीचे दब गए और दोनों की मौके पर मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना पर दादौं चौकी पुलिस ने पहुंचकर एंबुलेंस बुलाकर स्थानीय अस्पताल ले आए जहां पर डॉक्टर ने देखते ही दोनों को मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है की मोपेड फूलचंद चल रहा था जो हेलमेट भी पहने हुए था पहिए के नीचे कुचल जाने के कारण हेलमेट तो चकनाचूर हो गया लेकिन सर भी बुरी तरह कुचल गया है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को परीक्षण हेतु बांदा भेज दिया है। थाना अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया है की ट्रैक्टर भी



किशनपुर थाना अंतर्गत ग्राम मडौली का बताया जा रहा है। चालक फरार है ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर मंडी परिसर में खड़ा कराया गया है।

## गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंधक के बेटे का आतंक, शिक्षक को बेरहमी से पीटा

### 0गंभीर हालत में शिक्षक अस्पताल में भर्ती

**चित्रकूट।** गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंधक रामनारायण त्रिपाठी के बेटे प्रणव त्रिपाठी व उसके 5-6 साथियों ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक रविशंकर तिवारी को बेरहमी से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। शिक्षक गंभीर हालत में जानकीकुंड अस्पताल में भर्ती हैं, जहां इलाज चल रहा है।

शिक्षक रविशंकर तिवारी ने खुद आरोप लगाते हुए एक ऑनलाइन वीडियो में पूरी घटना का खुलासा किया है। बताया कि जब वह विश्वविद्यालय के लिए जा रहे थे, तभी प्रणव त्रिपाठी साथियों समेत ने उनकी बाइक की चाबी निकाल ली व फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमला तब तक जारी रहा जब तक वह बेहोश नहीं हो गए। रविशंकर तिवारी ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने सिर्फ पीटने का काम नहीं किया, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी और गालियाँ देते हुए भाग गए।घटना इलाके में भय व गुस्से का माहौल बना रही है, और अब लोग इस बर्बर हमले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शिक्षक रविशंकर तिवारी ने अपनी पूरी जानकारियों में साफ तौर पर आरोप लगाया कि यह हमला पूरी तरह से साजिश के तहत किया गया था। अब सवाल यह उठता है कि क्या रामनारायण त्रिपाठी के बेटे प्रणव त्रिपाठी को कानून से बचाने के लिए यह हमलावर इतने बेखौफ हैं? क्या स्थानीय प्रशासन ऐसे गंभीर आरोपों को नजरअंदाज करेगा?

घटना ने ना केवल शिक्षक रविशंकर तिवारी को शारीरिक और मानसिक आघात पहुँचाया, बल्कि इलाके में एक खौफनाक वातावरण भी बना दिया है। लोग अब इस बर्बर हमले के आरोपी को सजा दिलाने के लिए सड़कों पर उतरने की बात कर रहे हैं।



### भीम आर्मी का संकल्पः हर अन्याय को खत्म करना, समाज को मजबूती देना : संजय गौतम

**चित्रकूट।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने जिलास्तरीय समीक्षा बैठक में चित्रकूट जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने कार्यकाल की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। बताया कि जुलाई 2024 में जिलाध्यक्ष के रूप में पदभार संभालने के बाद, उनके नेतृत्व में छह महीनों में 56 आंदोलनों का सफल आयोजन किया गया व लगभग 50 मामलों को बैठक कर सुलझाया गया। कहा कि हमारा वादा है कि हर अन्याय को खत्म करना हमारा इरादा है, व संगठन की प्रगति के लिए लगातार काम करने का संकल्प लिया। प्रदेश सचिव आकाश रावण ने 26 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप भार्गव के आगमन की तैयारी को निर्देश दिए। कार्यकताओं से अपील की कि इस अवसर पर भारी संख्या में जुटकर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करें। उन्होंने समाज को मजबूत करने को व भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के साथ मिलकर काम करने की बात की। बैठक में प्रदेश सचिव आकाश रावण, राहुल अंबेडकर, इंद्रभान अंबेडकर, संजय कुमार गौतम, अमरनाथ वर्मा और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जरूरतमंदो को रोटी बैंक द्वारा कंबल, कपड़े नए जूते चप्पलों का हुआ वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**बांदा।** रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक जनाब शादी जमा साहब ,बांदा रोटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज, जी के संरक्षण में बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता में बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख बरई मानपुर खत्रीपहाड़ पवन पांडे जी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान श्योंढा ब्लॉक महुआ तहसील नरैनी बांदा अयूब खान की उपस्थिति में चंद्र पांडे वरिष्ठ समाजसेवी सेवानिवृत शिक्षक और श्रीमती निदरत खान जी के द्वारा दिए गए लगभग 50 कंबल तथा शैलेंद्र आनंद सेवानिवृत बैंक मैनेजर ने अपनी पत्नी के जन्मदिन पर नए जूते चप्पल दिए तथा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों द्वारा दिए गए गर्म कपड़े वितरण ग्राम श्योंढा ब्लॉक महुआ तहसील



नरैनी के जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को मतदान तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति रोटी बैंक सोसाइटी की टीम द्वारा जागरूक किया गया उक्त गर्म कपड़े कंबल जूते चप्पल इस सर्दी के मौसम में पाकर ग्राम वासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआएं आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में चंद्र पांडे सेवानिवृत्त शिक्षक, अयूब खान ग्राम प्रधान श्योंढा, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री रोटी बैंक सोसायटी, तरन्नुम फातिमा महिला उपाध्यक्ष, सहाना खातून, मोङ्गशमीम कार्यालय प्रभारी, मोहम्मद सलीम, उपाध्यक्ष अब्दुल मुजीब मीडिया प्रभारी, अलीमुद्दीन ,पवन कुमार पांडे अलीम अहमद खान आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए साउथ कोरिया के कई राजनेता, कारोबारी रवाना

**● साउथ कोरिया के वरिष्ठ राजनेता और कारोबारी अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। रविवार को यह जानकारी दी गई**

**सोल। साउथ** कोरिया के वरिष्ठ राजनेता और कारोबारी अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। रविवार को यह जानकारी दी गई।

ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने के साथ, इस बात पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल के अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने और उसके बाद उनके महाभियोग के मद्देनजर आने वाले अमेरिकी प्रशासन के साथ हाई लेवल कनेक्शन के लिए दबाव डाल सकता है।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, संसदीय विदेश मामलों की समिति के सात सांसद, जिनमें सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) के प्रतिनिधि किम सोक-की भी शामिल हैं, शनिवार को वाशिंगटन के लिए रवाना हुए।

पीपीपी ने अमेरिका में एक अलग राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भी भेजा है, और डेगू के मेयर हांग जून-प्यो और इंचियोन के मेयर यू जियोंग-बोक भी सोमवार (अमेरिकी समय) के लिए निर्धारित ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

शिनसेगाई समूह के अध्यक्ष चुंग योंग-जिन, कूपांग इंक के अध्यक्ष किम बोम; पूंगसन समूह के अध्यक्ष और कोरियाई उद्योग महासंघ के प्रमुख रयू जिन; निर्माण और शिपिंग समूह एसएम समूह के अध्यक्ष वू ओह-ह्यून; और बेकरी दिग्गज एसपीसी समूह के अध्यक्ष हूर यंग-इन शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।



जो बाइडेन अपने उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के गठबंधन और साझेदारी का एक नया नेटवर्क सौंपेंगे। साथ ही कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में प्रयासों पर एक निराशाजनक स्कोरकार्ड सौंपेंगे।

चार साल पहले, बाइडेन अमेरिका के गठबंधनों को फिर से जोड़ने की प्रतिज्ञा के साथ पद पर आए थे, जिसके बारे में उनका दावा था कि ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान वे "कमजोर" हो गए थे। डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति ने बार-बार सहयोगियों और साझेदारों के महत्व पर जोर दिया था, क्योंकि वे अमेरिका की "सबसे बड़ी रणनीतिक संपत्ति" हैं।

# 14 सेकेंड में जयशंकर ने अमेरिका की मौज ले ली, हंसने लगे सभी

**अमेरिका**

**विदेश मं**त्री के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर 2023 में अमेरिका की यात्रा के दौरान बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोलने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने वादा किया है कि यदि अमेरिका बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोल लेता है तो वह (भारत) लॉस एंजिल्स में एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा।




विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के लॉस एंजिलिस में जल्द भारतीय वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा। वह बेंगलुरु में अमेरिकी कॉन्सुलेट (वाणिज्य दूतावास) खोले जाने से जुड़े समारोह में हिस्सा ले रहे थे। बेंगलुरु में अमेरिकी कॉन्सुलेट जल्द काम शुरू कर देगा। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि पिछले पांच सालों में जब भी वह इस शहर में आए हैं, हर बार यहां हमेशा कोई न कोई उनसे पूछा करता था कि वाणिज्य दूतावास कब खुल रहा है? उन्होंने कहा कि मैं कहूंगा कि यह (मांग) वास्तव में समाज के हर वर्ग से थी।

यह व्यावसायियों की ओर से थी, यह प्रौद्योगिकी जगत की ओर से थी, यह शिक्षाविदों की ओर से थी। यह उन लोगों की ओर से भी थी जिनसे आप किसी रेस्तरां में मिलते हैं।

विदेश मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर 2023 में अमेरिका की यात्रा के दौरान बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोलने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने वादा किया है कि यदि अमेरिका बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोल लेता है तो वह (भारत) लॉस एंजिल्स में एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस वाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन एक और संकेत है कि हम इतिहास की झिझक पर काबू पा रहे हैं। अब यह हमारी पहुंच में है, संभावना के दायरे में है, कि हम भारत-अमेरिका संबंधों की क्षमता को पूरी तरह से महसूस कर सकें।

# हमास जब तक बंधकों की सूची नहीं देता, तब तक गाजा में संघर्ष विराम प्रभावी नहीं होगा: नेतन्याहू

**गाजा**

**स्थानीय** समयानुसार सुबह करीब साढ़े आठ बजे संघर्ष विराम प्रभावी होने से ठीक एक घंटे पहले उन्होंने एक बयान में चेतावनी दोहराई। हमास ने नाम सौंपने में देरी को लेकर तकनीकी कारण बताया है।



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि जब तक हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों की सूची नहीं मिल जाती, तब तक गाजा में संघर्ष विराम प्रभावी नहीं होगा।

स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े आठ बजे संघर्ष विराम प्रभावी होने से ठीक एक घंटे पहले उन्होंने एक बयान में चेतावनी दोहराई। हमास ने नाम सौंपने में देरी को लेकर ह्यतकनीकी कारण बताया है। उसने एक बयान में कहा कि वह पिछले सप्ताह घोषित किए गए संघर्ष विराम समझौते के लिए प्रतिबद्ध है।

# ईरान के सुप्रीम कोर्ट में गोलीबारी, दो जजों की मौत

**● ईरान की राजधानी तेहरान में सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग में एक हमलावर ने गोलीबारी की, जिसमें कम से कम दो जज मारे गए। ईरानी मीडिया के मुताबिक गोलीबारी में एक शख्स घायल भी हो गया**

**तेहरान। ईरान** की राजधानी तेहरान में सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग में एक हमलावर ने गोलीबारी की, जिसमें कम से कम दो जज मारे गए। ईरानी मीडिया के मुताबिक गोलीबारी में एक शख्स घायल भी हो गया। न्यायपालिका की ओर से जारी एक बयान में जजों की पहचान सुप्रीम कोर्ट की शाखा 39 के प्रमुख अली रजिनी और शाखा 53 के प्रमुख मोहम्मद मोकिसेह के रूप में की गई।

ईरान के सरकारी प्रेस टीवी के मुताबिक न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा, "शनिवार दोपहर से पहले एक व्यक्ति ने बंदूक लेकर दो वरिष्ठ न्यायाधीशों के कमरे में प्रवेश किया और उन्हें शहीद कर दिया।" उन्होंने कहा कि हमले में जजों का एक बॉडीगार्ड घायल हो गया।

प्रवक्ता ने कहा, "बंदूकधारी ने भागते समय तुरंत आत्महत्या कर ली और हम फिलहाल उसके इरादों के बारे में बात नहीं कर सकते।"

दोनों जज राष्ट्रीय सुरक्षा, जासूसी और आतंकवाद से जुड़े मामलों को देखते थे। जहांगीर ने कहा, "रजिनी और मोकिसेह के हमेशा अपने शानदार रिकॉर्ड के कारण दुश्मनों के निशाने पर रहे।" उन्होंने कहा, "पिछले एक साल में, न्यायपालिका ने जासूसों और पाखंडी समूहों की पहचान करने के लिए व्यापक उपाय किए हैं, और इससे दुश्मनों में गुस्सा और आक्रोश पैदा हुआ है।"



न्यायपालिका के प्रवक्ता ने कहा, "हमें उम्मीद है कि हम आतंकवादी कृत्य में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए फॉलो-अप एक्शन के नतीजे जल्दी ही प्रकाशित करेंगे।"

प्रारंभिक जांच के अनुसार, हमलावर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष किसी भी मामले में शामिल नहीं था।

रिपोर्ट के मुताबिक 71 वर्षीय रजिनी ने ईरान की न्यायपालिका में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया और इससे पहले 1998 में हमलावरों ने उनके वाहन पर एक मैगनेटिक बम लगाकर उनकी हत्या की कोशिश की थी।

# अमेरिका में टिकटॉक को प्लेस्टोर्स से हटाया गया

**अमेरिका**

**संदेश** में लिखा था, हम भाग्यशाली हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह पदभार संभालने के बाद टिकटॉक को बहाल करने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करेंगे।

अमेरिका में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाला संघीय कानून प्रभावी होने से कुछ समय पहले शनिवार शाम इस ऐप को प्रमुख ऐप के स्टोर से हटा दिया गया है। पूर्वी मानक समयानुसार रात साढ़े 10 बजे तक एप्पल और गूगल के प्लेस्टोर में यह ऐप उपलब्ध नहीं था।

एक कानून के तहत एप्पल और गूगल प्लेस्टोर के इन ऐप को पेश करने पर रोक लगा दी गई है।




कानून के तहत टिकटॉक की मूल कंपनी बाइट डांस को प्लेटफॉर्म बेचने या फिर अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करने के लिए कहा गया है। शनिवार शाम जब उपयोगकताओं ने टिकटॉक खोला तो एक कंपनी की तरफ से एक ह्यपॉप अपह्न मैसेज आया, जिसमें लिखा था, ह्लअमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने का कानून पारित किया गया है। इसका मतलब है कि दुर्भाग्य से आप अब टिकटॉक का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

संदेश में लिखा था, हम भाग्यशाली हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह पदभार संभालने के बाद टिकटॉक को बहाल करने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करेंगे।

इस बीच, ट्रंप ने एनबीसी न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह वह टिकटॉकको रविवार के बाद भी काम करते रहने के लिए समय देने पर विचार कर रहे हैं।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले हजारों लोगों ने किया वाशिंगटन डीसी में विरोध प्रदर्शन

**अमेरिका**

**एक** प्रदर्शनकारी ब्रिटनी मार्टिनेज ने यूएसए टुडे से कहा, हम वास्तव में महिलाओं, समानता, आव्रजन, हर उस चीज का समर्थन करते हैं जिसके बारे में हमें लगता है कि अभी हमारे पास ज्यादा कहने को कुछ नहीं है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से दो दिन पहले हजारों लोग राजधानी वाशिंगटन डीसी में एकत्र हुए और उनकी नीतियों का विरोध किया। ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। सखी फॉर साउथ एशियन सर्वाइवर्स समेत गैर-लाभकारी निकायों के एक समूह ने पीपुल्स मार्च के बैनर तले यहां ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ट्रंप (78) रोधी पोस्ट दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अगले राष्ट्रपति और टेस्ला के मालिक एलन मस्क समेत उनके करीबी समर्थकों के खिलाफ नारे लगाए। जनवरी 2017 में ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के समय भी ऐसा ही एक विरोध प्रदर्शन हुआ था। तीन अलग-अलग पार्कों से शुरू हुए विरोध मार्च लिंकन मेमोरियल के निकट समाप्त हुए। पीपुल्स मार्च की तरफ से कहा गया, सामूहिक विरोध प्रदर्शन हमारे समुदायों को यह दिखाने का सबसे प्रभावी तरीका है कि हम पहले से ही नतमस्तक नहीं हैं या फासीवाद के आगे नहीं झुक रहे हैं। हम उन्हें भी ऐसा करने के लिए आमंत्रित करते हैं। समूह के सदस्यों में अबॉर्शन एक्शन नाउ, टाइम टू एक्ट, सिस्टरसॉन्ग, विमेंस मार्च, पॉपुलर डेमोक्रेसी इन एक्शन, हैरियट्स वाइल्डेस्ट ड्रीम्स, द फेमिनिस्ट फ्रंट, नाउ, प्लांड पैरेंटहुड, नेशनल विमेंस लॉ सेंटर एक्शन फंड, सिएरा क्लब और फ्रंटलाइन शामिल हैं।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल की हुई औपचारिक गिरफ्तारी

**दक्षिण कोरिया**

**यून** सुक येओल के आवास पर कानून प्रवर्तन एजेंसी ने एक व्यापक अभियान चलाकर उन्हें बुधवार को हिरासत में लिया था। उन पर 3 दिसंबर को मार्शल लॉ की घोषणा से जुड़े संभावित विद्रोह के आरोप हैं।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को रविवार तड़के औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। यून सुक येओल देश में महाभियोग का सामना कर रहे हैं। यून सुक येओल को कुछ दिन पहले सियोल में राष्ट्रपति निवास से हिरासत में लिया गया था।

इससे पहले, अदालत ने इस बात पर विचार किया कि उनकी औपचारिक गिरफ्तारी के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसी के अनुरोध को स्वीकार किया जाए या नहीं। यून सुक येओल के आवास पर कानून प्रवर्तन एजेंसी ने एक व्यापक अभियान चलाकर उन्हें बुधवार को हिरासत में लिया था। उन पर 3 दिसंबर को मार्शल लॉ की घोषणा से जुड़े संभावित विद्रोह के आरोप हैं।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# एलेक्सी नवलनी के 3 वकीलों को रूसी अदालत ने भेजा जेल, कोर्ट ने चरमपंथी समूह से जुड़े होने का ठहराया दोषी

**रूस**

**नवलनी** चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार नोवाया गजेटा ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा कि नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है। वर्ष 2021 के एक फैसले के बाद नवलनी के नेटवर्क को चरमपंथी माना गया।

रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का प्रतिनिधित्व कर चुके तीन वकीलों को जेल में डाल दिया गया है। पेतुस्की की अदालत ने नवलनी के वकील रहे वादिम कोबजेव, इगोर सेरगुनिन, एलेक्सी लिपस्टर को साढ़े तीन से 5 साल तक कैद की सजा सुनाई। मॉस्को से लगभग 100 किमी पूर्व में पेटुस्की शहर की एक अदालत ने वादिम कोबजेव, इगोर सेरगुनिन और एलेक्सी लिपत्सर को 3 1/2 से पांच साल तक की जेल की सजा सुनाई थी। उन्हें अक्टूबर 2023 में चरमपंथी समूहों से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जैसा कि अधिकारियों ने नवलनी के नेटवर्क को माना था।



नवलनी चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार ह्यनोवाया गजेटाह्न ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा कि नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है ह्लह्न वर्ष 2021 के एक फैसले के बाद नवलनी के नेटवर्क को चरमपंथी माना गया।

# गाजा समझौता : 33 बंधकों के बदले 1904 फिलिस्तीनियों की रिहाई, कौन हैं ये जिन्हें मिलेगी इजरायली कैद से 'आजादी'

**यरूशलेम। इजरायल** गाजा में मौजूद 33 बंधकों के बदले में 1,904 फिलिस्तीनी कैदियों और बंदियों को रिहा करेगा। यह अदला बदली इजरायल-हमास युद्धविराम समझौते के तहत होगी जिसे रविवार सुबह इजरायली सरकार ने अपनी मंजूरी दे दी।

आखिर ये 1904 फिलिस्तीनी कैदी कौन हैं जिन्हें इजरायल रिहा करने जा रहा है? 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के मुताबिक इस आंकड़े में जेल में बंद 737 कैदी शामिल हैं, जिनमें से कुछ हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

इनमें हमास, फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के फतह आंदोलन के सदस्य शामिल हैं, साथ ही इजरायली जेलों में बंद महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

इनमें कुछ वो कैदी भी हैं जिन्हें 2011 में इजरायली सैनिक गिलाद शालिट के बदले में रिहा किया गया था लेकिन बाद में उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया गया।

रिपोर्ट के अनुसार न्याय मंत्रालय ने शनिवार तक 735 फिलिस्तीनी कैदियों के नाम प्रकाशित कर दिए, ताकि उनकी रिहाई के खिलाफ याचिकाएं उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की जा सकें।

इन 735 कैदियों के अलावा आईडीएफ के जमीनी हमले के दौरान गाजा पट्टी में हिरासत में लिए गए 1,167 फिलिस्तीनियों को भी रिहा किया जाएगा, जिन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 के हमले में भाग नहीं लिया था।



33 बंधकों में से कितने जीवित हैं, इस हिसाब से संख्या में उतार-चढ़ाव हो सकता है। हमास ने अभी तक जानकारी नहीं दी है, हालांकि इजरायल का मानना है कि उनमें से ज्यादातर जीवित हैं।

रविवार को तीन महिला बंधकों को रिहा किया जाएगा।

सूची में शामिल अन्य 30 बंधकों को समझौते के 42-दिवसीय प्रथम चरण के अंत तक प्रत्येक शनिवार को रिहा किया जाएगा।

बंधकों को समझौतों की शर्तों के मुताबिक कई फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में मुक्त किया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक जीवित महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में से प्रत्येक के लिए 30 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा।

नौ बीमार बंधकों के लिए 110 कैदियों को रिहा किया जाएगा; प्रत्येक महिला आईडीएफ सैनिक के लिए 50 कैदियों को रिहा किया जाएगा।

दो बंधकों [एवेरा मेंगिस्टू और हिशाम अल-सईद] के बदले प्रत्येक के लिए 30 कैदियों को रिहा किया जाएगा। ये दोनों एक दशक से गाजा में बंद हैं।

इसके अलावा 2011 के शालिट डील में रिहा किए गए और फिर से गिरफ्तार किए गए 47 फिलिस्तीनियों को भी रिहा किया जाएगा।

पहले चरण में बंधकों के शवों के लिए, इजरायल 1,000 से अधिक गाजा बंदियों को रिहा करेगा।

33 के अलावा, 65 और लोग हमास के कब्जे में हैं, जिनमें से कई अब जीवित नहीं हैं। इन लोगों को समझौते के दूसरे चरण के हिस्से के रूप में वापस किया जाना है, अगर यह समझौता हो जाता है।